www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

मौसम
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

2 सरकारी आतंकवाद का पर्याय पाकिस्तान, सेना और आतंकियों का मेल

हिंदू बनकर नाबालिग से शादी की कोशिश 04

वर्ष :08 | अंक :322 | मुंबई , बुधवार , 14 मई , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकियों के पोस्टर जारी, कश्मीर में लगाए गए, 20 लाख का इनाम घोषित

सुरक्षा एजेंसियों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के पोस्टर लगाए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। 'आतंकवाद मुक्त कश्मीर' संदेश वाले ये पोस्टर जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में कई स्थानों पर लगाए गए हैं। पोस्टरों में आतंकवादियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। एजेंसियों ने आश्वासन दिया है कि मुखबिरों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन घास के मैदान में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 25 पर्यटकों और एक नेपाली सहित कम से कम 26 लोग मारे गए। यह भयावह घटना 2019 में पुलवामा नरसंहार के बाद कश्मीर घाटी में सबसे घातक हमला है।

### भारत में शुरू हुई ई पासपोर्ट की पहला

भारत में नया पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया अधिक सरल और सुरक्षित हो गई है। अबतक एयरपोर्ट पर यात्री पारंपरिक कागज से बना हुआ पासपोर्ट उपयोग किया जाता था। इस पारंपरिक पासपोर्ट में नया बदलाव जोड़ा गया है जो कि इसका डिजिटल रुप है। अब ई पासपोर्ट की शुरूआत की जाएगी। इस पासपोर्ट में यात्री की पहचान और निजी जानकारी को बेहतर तरीके सुरक्षित करने के लिए मॉडर्न तकनीक शामिल की गई है। ई पासपोर्ट देखने में आम पासपोर्ट जैसा होता है। इसमें एक चिप लगी होती है। ये चिप फोटो, उंगलियों के निशान, नाम, जन्मतिथि, अन्य जरुर जानकारी डिजिटल रुप में दर्ज कराई जाती है। वहीं पासपोर्ट के कवर पर खान गोल्डन रंग का निशान होता है। इस गोल्डन रंग से ही पता चलता है कि ये ई पासपोर्ट है। बता दें कि इस पासपोर्ट को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एक अप्रैल 2024 में लॉन्च किया गया था। इस पासपोर्ट में कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट का एक संयुक्त रूप है, जिसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) चिप और एक एंटीना का उपयोग किया जाता है, जिसमें पासपोर्ट धारक की व्यक्तिगत और बायोमेट्रिक जानकारी दर्ज होती है। ई-पासपोर्ट की पहचान पासपोर्ट के सामने वाले कवर के नीचे छपे एक छोटे अतिरिक्त सुनहरे रंग के प्रतीक को देखकर की जा सकती है। ई-पासपोर्ट का एक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इससे पासपोर्ट धारक के डेटा की अखंडता को बनाए रखने की क्षमता मिलती है।

# 'घर में घुसके मारेंगे', पीएम मोदी ने आतंकवाद पर दोहराया अपना रुख

## बोले- सिर्फ सैन्य कार्रवाई स्थगित की है, दुस्साहस दिखाया तो...

**पीएम मोदी**

अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। इसीलिए जब हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमने आतंकियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया।



### भारत ने तीन बातें तय की हैं

उन्होंने कहा कि हमने सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान, एयर स्ट्राइक के दौरान ये देखा. जैसा मैंने कल कहा, भारत ने तीन बातें तय की हैं . पहली, अगर भारत पर कोई आतंकी हमला होता है तो हम अपने तरीके से, अपनी शर्त पर, अपने समय पर उसका जवाब देंगे. दूसरी, भारत किसी भी तरह की परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा . तीसरी, हम आतंक को समर्थन देने वाली सरकार और आतंकी सरगनाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे . दुनिया भी भारत के नए स्वरूप, उसकी नई व्यवस्था को समझकर आगे बढ़ रही है.

### भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम

पीएम ने कहा कि आतंकवादियों के आकाओं को समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही और महाविनाश... आपने (सेना) उन पर सामने से हमला किया और उन्हें मार गिराया . आपने आतंकवाद के सभी बड़े ठिकानों को नष्ट कर दिया . 9 आतंकवादी ठिकाने नष्ट कर दिए गए. 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए

एजेंसी

नयी दिल्ली। आदमपुर एयर बेस पर एक संबोधन देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद पर अपने आतंकवादी खतरों को खत्म करने के लिए घर में घुसने के रुख की पुष्टि की और कहा कि हम आतंकवाद के गॉडफादर और राज्य प्रायोजकों के बीच अंतर नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि हम घरों में घुसेंगे और मारेंगे, उन्होंने कहा कि हम भागने का मौका नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ सैन्य कार्रवाई स्थगित की है, फिर दुस्साहस दिखाया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे।

मोदी ने कहा कि आज से अनेक दशक बाद भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आपके पराक्रम की वजह से आज ऑपरेशन सिन्दूर की गूंज हर कोने में सुनाई दे रही है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खड़ा रहा। हर भारतीय की प्रार्थना आप सभी के साथ रही। आज हर देशवासी अपने सैनिकों, उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है, उनका ऋणी है।पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंक के आकाओं को समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का एक ही अंजाम होगा- तबाही और महाविनाश। उनका कहना है, आपने उन पर सामने से हमला किया और उन्हें मार गिराया। आपने आतंकवाद के सभी बड़े अड्डों को नष्ट कर दिया। 9 आतंकी ठिकाने नष्ट कर दिए. 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए...। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोबिंद सिंह जी भी धरती है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा था - सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं मोदी ने कहा कि अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है।

# जम्मू-कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं :विदेश मंत्रालय

### भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे; ट्रम्प ने एक दिन पहले मध्यस्थता की बात कही थी



**भारत ने आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, पाकिस्तान ने आम लोगों को निशाना बनाया**

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका में सैन्य गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई थी। ट्रेड को लेकर दोनों देशों में कोई बात नहीं हुई। भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, लेकिन पाकिस्तान ने आम लोगों को निशाना बनाया। अभी शांति है।

एजेंसी

नई दिल्ली , भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का क्रेडिट लेने के दावों को भी नकार दिया।

### सीजफायर करें नहीं तो ट्रेड बंद कर देंगे

विदेश मंत्रालय ने कहा: '7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।' डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था: अमेरिकी राष्ट्रपति ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।

## भोपाल की बेटी सोनिया दुबे दीवान बनीं भारत की पहली 'सर्टिफाइड इमेज मास्टर'

आईआईएमसी के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा, यह न सिर्फ भोपाल या मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। सोनिया की यह उपलब्धि खासतौर पर छोटे शहरों से आने वाली युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा बनेगी, जो इमेज मैनेजमेंट जैसे उभरते क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं।

एजेंसी



भोपाल। इंडियन स्कूल ऑफ इमेज मैनेजमेंट, मुंबई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सोनिया दुबे दीवान को एसोसिएशन ऑफ इमेज कंसल्टेंट्स इंटरनेशनल द्वारा फिलीपींस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्टिफाइड इमेज मास्टर की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह इमेज कंसल्टिंग के क्षेत्र में सर्वोच्च वैश्विक मान्यता मानी जाती है। इस उपाधि को प्राप्त करने की प्रक्रिया अत्यंत कठिन और दीर्घकालिक होती है।

# पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 21 की मौत:9 गंभीर,बोल भी नहीं पा रहे

पंजाब के अमृतसर जिले में कथित तौर पर नकली शराब के सेवन से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शराब पीने से हुई जटिलताओं के कारण छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एजेंसी

पंजाब। पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।उसने बताया कि छह लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। अधिकारियों ने बताया कि कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से भंगली, पातालपुरी, मरारी कलां और थेरेवाल के गांवों में मौत हुई है।

## विपक्ष ने साधा मान सरकार पर निशाना



### यह मौत नहीं, हत्या है, अमृतसर जहरीली शराब त्रासदी पर बोले भगवंत मान, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



अमृतसर में जहरीली शराब पीने की घटना पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि बहुत दुखद घटना हुई है। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब पीने से करीब 17 लोगों की मौत हो गई। जिस गांव में हम खड़े हैं, वहां 5-6 मौतें हुई हैं। यह मौत नहीं, बल्कि हत्या है। हमने अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों ने इसे सप्लाई किया, जिन लोगों ने इसे इन तक पहुंचाया, एक बार जब हमें इस चेन का पता चल जाएगा, किसने किसका साथ दिया, तो इसके तार दिल्ली से भी जुड़ेंगे। हमारी टीम दिल्ली भी गई है...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के लिए मजे

## शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख मुनीर को दी चुनौती

रहीम यार खान, पीएएफ की सेंट्रल कमांड के लिए एक अग्रिम संचालन बेस के रूप में कार्य करता है। यह शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ अपना एकमात्र रनवे साझा करता है, जिसका नाम यूएई के पहले राष्ट्रपति शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने हवाई अड्डे के टर्मिनल के निर्माण को वित्तपोषित किया था।

एजेंसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और देश के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर भारतीय वायुसेना (आईएएफ) द्वारा पाकिस्तान वायुसेना (पीएएफ) के रहीम यार खान एयरबेस पर किए गए हमले के बाद कड़ा प्रहार किया। 10 मई की सुबह किए गए ऑपरेशन के दौरान आठ एयरबेसों में से एक एयरबेस पर हमला किया गया था। ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट किया, क्या शरीफ और मुनीर अपने लीज पर लिए गए चीनी विमान को रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे ?रहीम यार खान, पीएएफ की सेंट्रल कमांड के लिए एक अग्रिम संचालन बेस के रूप में कार्य करता है। यह शेख जायद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ अपना एकमात्र रनवे साझा करता है, जिसका नाम यूएई के पहले राष्ट्रपति शेख जायद बिन सुल्तान अल नाहयान के नाम पर रखा गया है।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 3 आतंकी ढेर

### तीनों शोपियां के थे; पहलगाम हमले के बाद भारत पर 15 लाख साइबर अटैक, कामयाब सिर्फ 150

जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सोमवार रात ड्रोन दिखे थे। कुछ देर बाद सेना ने कहा कि दुश्मन के किसी ड्रोन की सूचना नहीं है। आज सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है

एजेंसी




जम्म, श्रीनगर ,जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी।महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी और बांग्लादेशी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर अटैक किए। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे।वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को निशाना बनाया है।7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और के 2 जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।शोपियां में मारे गए तीनों आतंकी कश्मीर के थेभारत-पाकिस्तान जंग के हालात पर हर अपडेट पढ़ने के लिए नीचे ब्लॉग से गुजर जाइए.

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न

### भाजपा ने शुरू की देशव्यापी तिरंगा यात्रा

इस यात्रा में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अभियान की शुरूआत दिल्ली में 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक प्रतीकात्मक मार्च के साथ हुई।

एजेंसी




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को एक बड़े जन-आंदोलन के तहत देश भर में तिरंगा यात्रा शुरू की। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय सैनिकों की वीरता का सम्मान करना और नागरिकों को ऑपरेशन सिंदूर की हालिया सफलता के बारे में बताना है। आज शुरू हुई भाजपा की 'तिरंगा यात्रा' 23 मई तक जारी रहेगी। इस यात्रा में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अभियान की शुरूआत दिल्ली में 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक प्रतीकात्मक मार्च के साथ हुई। यह यात्रा कर्तव्य पथ से शुरू हुई और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर समाप्त होगी।

**अवैध** | अमृतसर में 17 लोगों की मौत पर बोले केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू

# पंजाब के सीएम खुद अवैध शराब पीते हैं...

एजेंसी



अमृतसर में जहरीली शराब कांड पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि आप पंजाब से ऐसी चीजों से मुक्ति की उम्मीद कैसे कर सकते हैं, जब पंजाब के सीएम खुद अवैध शराब पीते हैं। अरविंद केजरीवाल, जिन्होंने पहले दिल्ली को बर्बाद किया, अब पंजाब को बर्बाद कर रहे हैं।

नयी दिल्ली। पंजाब के अमृतसर के मजीठा इलाके में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर है। विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि अमृतसर में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। तीन लोग गंभीर हैं। एक डीएसपी और एसएचओ को निलंबित कर दिया गया है। अमृतसर (ग्रामीण) के एसएसपी मनिंदर सिंह ने मरने वालों की पुष्टि की है। एसएसपी अमृतसर मनिंदर सिंह ने कहा, हमें कल रात करीब 9.30 बजे सूचना मिली कि नकली शराब पीने से लोग मर रहे हैं। हमने तुरंत कार्रवाई की और चार लोगों को हिरासत में लिया। हमने मुख्य सप्लायर प्रभजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। अमृतसर में जहरीली शराब कांड पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि आप पंजाब से ऐसी चीजों से मुक्ति की उम्मीद कैसे कर सकते हैं, जब पंजाब के सीएम खुद अवैध शराब पीते हैं। अरविंद केजरीवाल, जिन्होंने पहले दिल्ली को बर्बाद किया, अब पंजाब को बर्बाद कर रहे हैं। पंजाब में शराब की फैक्ट्रियां चल रही हैं, और शराब के पाउच बांटे जा रहे हैं। यह सरकार की मदद के बिना संभव नहीं है। दिल्ली के माफिया अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पंजाब को बर्बाद करने यहां आए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रभजीत सिंह ने पूछताछ के दौरान किंगपिन सप्लायर साहब सिंह का नाम बताया। उन्होंने कहा, हमने उसे भी पकड़ लिया है। हम जांच कर रहे हैं कि उसने यह शराब किन कंपनियों से खरीदी है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें पंजाब सरकार से नकली शराब के आपूर्तिकताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश मिले हैं। छापेमारी चल रही है और जल्द ही निमार्ताओं को पकड़ लिया जाएगा। कड़ी धाराओं के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। नागरिक प्रशासन भी शामिल है और हम घर-घर जाकर उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जिन्होंने शराब पी हो सकती है, ताकि और अधिक लोगों की जान बचाई जा सके। इस घटना ने पांच गांवों को प्रभावित किया है। अमृतसर की डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने कहा, मजीठा में एक दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी हुई है। हमें कल रात पता चला, हमें 5 गांवों से रिपोर्ट मिली कि कल शराब पीने वाले लोगों की हालत गंभीर है।

# गोपनीय मामला, सर्वदलीय बैठक में चर्चा होगी...

## युद्धविराम को लेकर ट्रंप के दावे पर बोले खड़गे



खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि यह गोपनीय मामला है। हम सर्वदलीय बैठक में हर बात पर चर्चा करेंगे। इस बारे में यहां बात करना उचित नहीं है। भाकपा नेता डी राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री को विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना जरूरी है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौते का श्रेय लेने पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि यह मामला गोपनीय है और इस पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा की जाएगी। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि यह गोपनीय मामला है। हम सर्वदलीय बैठक में हर बात पर चर्चा करेंगे। इस बारे में यहां बात करना उचित नहीं है। भाकपा नेता डी राजा ने कहा कि प्रधानमंत्री को विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना जरूरी है। डी राजा ने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। लेकिन पीएम को कुछ प्रासंगिक सवालों के जवाब देने चाहिए थे। पहलगाम आतंकी हमला कैसे हुआ? हमारी ओर से क्या चूक हुई? भारत और पाकिस्तान के बीच समझ कैसे बनी और अमेरिका की क्या भूमिका थी? सच्चाई क्या है? आगे क्या होगा, कोई नहीं जानता। हमारी पार्टी संसद के विशेष सत्र की मांग कर रही है, पीएम को सरकार की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## सम्पादकीय

# भारत ने चीन पर भी की चोट, चीनी हथियारों की क्षमता की खोल दी पोल

अमेरिका और दूसरे देशों से उठ रहे आर्थिक और कूटनीतिक विरोध को देखते हुए चीन भारत के खिलाफ कोई सैनिक कदम उठाने की गलती नहीं करता। 1962 में कमजोर और अपनी रक्षा के प्रति एकदम उदासीन भारत पर हमले के बाद से चीन ने अपने हर हमले में मार खाई है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा 26 लोगों की उनका मजहब पूछकर हत्या के बाद भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान पर हवाई हमले कर पहले उसके नौ आतंकी अड्डे नष्ट किए और फिर जब उसने शर्मिंदगी से बचने के लिए पलटवार करने की कोशिश की तो उसके सैन्य ठिकाने बुरी तरह तबाह कर दिए। भारत ने अपने हवाई हमलों से जब यह दिखाया कि वह उसकी सैन्य शक्ति को पंगु कर सकता है तब उसके हौसले पस्त हुए, जिसके नतीजे में सैन्य टकराव थामने पर सहमति बनी ।पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की अपनी नाकाम कोशिश के दौरान चीन से हासिल मिसाइलों, युद्धक विमानों और अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया। एक तरह से चीन की परोक्ष भूमिका साफ तौर पर रेखांकित हो गई ।पहलगाम की आतंकी घटना के बाद पहले तो चीन ने अपने परंपरागत अंदाज में पाकिस्तान का परोक्ष और अपरोक्ष समर्थन करने के बावजूद खुद को एक तटस्थ और शांतिप्रिय पंच की तरह पेश करने की कोशिश की, लेकिन फिर उसने पाकिस्तान की साख बचाने के इरादे से पहलगाम हमले की कथित निष्पक्ष जांच कराने की पाकिस्तानी मांग को दोहरा दिया। इतना ही नहीं, उसने सुरक्षा परिषद में इस आतंकी घटना की निंदा वाले अमेरिकी प्रस्ताव में से हमले के असली जिम्मेदार और पाकिस्तान सरकार की सरपरस्ती में चलने वाले लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट का नाम हटवा दिया। इससे पहले भी कुख्यात आतंकियों को वैश्विक पाबंदियों से बचाने की नाकाम, लेकिन बेशर्मी भरी कोशिश कर चुका है ।भारत-पाकिस्तान सैन्य टकराव के दौरान चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नियंत्रण में चलने वाला सरकारी मीडिया भी लगातार पाकिस्तान के पक्ष में थोथा प्रचार अभियान चलाता रहा। उसके अंग्रेजी समाचार पत्र ग्लोबल-टाइम्स ने भारत की सैनिक कार्रवाई पर कहा कि भारत को अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना चाहिए। उसे कौन याद दिलाए कि जब कोविड के फैलाव के पीछे उसकी भूमिका की जांच के लिए आस्ट्रेलिया सरकार ने मांग की थी तो उसने उस पर व्यापारिक प्रतिबंध लगा दिए थे ।ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़े रहने के बावजूद उसने खुद को भारत-पाकिस्तान टकराव में खुद को तटस्थ दिखाने का ढोंग किया, लेकिन उसके इस ढोंग की पोल खुल गई।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष राशिः** आपके लिए तनाव भरा रहने वाला है. गृहस्थ जीवन में साथी से किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़े की संभावना है. अपने ऊपर नियंत्रण बनाए रखें, नहीं तो समस्या हो सकती है. विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में ना लगने के कारण उन्हे अपने कामों को करने में समस्या आएगी. आपको अपने किसी मित्र की सेहत की चिंता सता सकती है.

**वृषभ राशि :** व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जो आपको समस्या देंगे. प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कल तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आप अपने साथी को खुश रख पाएंगे.

**मिथुन राशिः** आपको अपने ज्ञान को बढ़ाने का रहेगा. पारिवारिक मामलों को आपको मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है. आपको कल घर के लड़ाई-झगड़े को लेकर तनाव बना रहेगा. भाई बहन को कोई शारीरिक कष्ट होने के कारण आप परेशान रहेंगे. आपको किसी बात को लेकर उलझन रहेगी.

**कर्क राशिः** आपके लिए किसी काम को जल्दबाजी में करने से बचने के लिए रहेगा. यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको मिल सकता है. आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा.

**सिंह राशिः** आपके लिए आर्थिक मामलों में अच्छा रहने वाला है. आपको कोई विदेश में रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, लेकिन आपके जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे, तो आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी और आप अपने घरेलू मामलों को घर से बाहर न जाने दें.

**कन्या राशि :** आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है. आपको यदि कोई समस्या लंबे समय से घेरे हुए थी, तो वह कल खत्म हो सकती है. आपकी अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी. आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है.

**तुला राशि :** आपके लिए अनुकूल रहने वाला है. वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा. जो जातक कामों को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है. संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है.

**वृश्चिक राशि :** कारोबार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है. राजनीति में कार्यरत लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है. आपको किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा.प्रॉपर्टी में निवेश कर रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो उनका धन किसी गलत काम में फंस सकता है.

**धनु राशि :** आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है. वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको छुटकारा मिलेगा. जीवनसाथी के साथ आप कहीं बाहर जा सकते हैं. सेहत में यदि आपने लापरवाही बरती, तो आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं.

**मकर राशि :** आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है. आपको अपने कामों के साथ-साथ अपने परिवार के सदस्यों को भी समय देना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं. आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है.

**कुंभ राशिः** आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है. आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ आनंदमय समय व्यतीत करेंगे. आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती हैं.

**मीन राशिः** आपकी किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं. यदि आपने किसी लोन आदि के लिए अप्लाई किया था, तो वह भी आपका आसानी से मिल जाएगा.कल का दिन बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, लेकिन आपके कुछ शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# सरकारी आतंकवाद का पर्याय पाकिस्तान, सेना और आतंकियों का मेल

> विश्व समुदाय को पाकिस्तान सरकार और सेना पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंक से नाता तोड़ें। अन्यथा उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। अगर संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं अब भी पाकिस्तानी आतंकवाद को नजरअंदाज करती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इसका दंश भारत के साथ-साथ दूसरे देशों को झेलना पड़ सकता है।

पा मनुष्य का अस्तित्व कोई अकेले के बस की बात नहीं है। अन्य या दूसरे के साथ सहअस्तित्व जीवन जीने के लिए अनिवार्य है। भारत सतत रूप से एक शांति का आकांक्षी देश ही सिद्ध होता है। वह दूसरे देशों पर आधिपत्य स्थापित करने या कब्जा जमाने की जगह शांति चाहता रहा है। अन्य देशों के साथ परस्पर सहयोग और समर्थन पाने की इसकी चाह रही है ।इसी नीति के अनुसार भारत द्वारा आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक-दूसरे से परस्पर जुड़ने के प्रयास को सदैव प्राथमिकता दी गई। कलह और संघर्ष में भारत की कभी रुचि नहीं रही। अपने पड़ोसी देशों की ओर से भी भारत इसी भावना की कामना करता रहा है। ऐसी नीति और आचरण के परिप्रेक्ष्य में ही हमारी विदेश नीति भी निर्धारित होती रही है। इसी अपेक्षा के साथ स्वतंत्र भारत शुरू से राजनय में अपने कदम बढ़ाता रहा है, किंतु दूसरों को अपनी ही तरह समझना खामखयाली साबित हुई। इतिहास गवाह है कि इस तरह की नीति के चलते भारत को कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा ।स्वतंत्र भारत का एक दशक बीतते-बीतते पड़ोसी चीन द्वारा भाई-भाई के दिखावटी रिश्तों की आड़ में धोखा दिया गया। पाकिस्तान हमारा दूसरा ऐसा पड़ोसी देश है, जो स्वतंत्र होने के बाद से ही लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। आतंकवाद, अलगाववाद तथा उग्रवाद को बढ़ावा देना और



गतिरोध पैदा करना पाकिस्तान का मुख्य काम रह गया है। पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही भारत के साथ पट्टीदारी जैसी मानसिकता के साथ अविश्वास और द्रोह की भावना रखता आया है ।युद्ध छेड़ने के अलावा पाकिस्तान की ओर से भारत की सीमा पर शत्रुता भरी छोटी-बड़ी घटना रह-रहकर अंजाम दी जाती रही है। इसके बावजूद भारत पाकिस्तान के साथ संवाद और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहा, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से नकारात्मक रवैया अपनाया जाता रहा है। साथ ही वह भारत के बारे में दुष्प्रचार के साथ छद्म युद्ध भी चलाता रहा है। इसका दुष्परिणाम भी उसे भुगतना पड़ा है। वहां के प्रधानमंत्री लगातार हत्या या फांसी के शिकार होते आए हैं ।एक लंबे समय से पाकिस्तान के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह भी अपनाते रहे हैं। आजकल बलूच समुदाय द्वारा स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है। सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है। इसी स्थिति में आतंकवादी तत्व भी सक्रिय होते रहते हैं, जो पाकिस्तान के अंदर और बाहर आतंक मचाने का काम करते हैं। इनके अलग-अलग स्रोत हैं, परंतु इन सबके ऊपर पाकिस्तान सरकार द्वारा आतंकवाद को जायज मानकर अपनाना और पोषित करना खतरनाक पहल है। गत दिनों पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह बात खुद स्वीकारी। यह किसी भी सभ्य सरकार के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है पाकिस्तानी सरकार और वहां की सेना आतंकवादी संगठनों को धन, प्रशिक्षण और साजो-सामान से लैस कर तरह-तरह से प्रश्रय देती रही है। ये आतंकवादी भारत की सीमा में आकर कायराना घटनाएं करते रहते हैं। पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंकी तीनों का मेल कितना खतरनाक हो सकता है, भारत में होने वाली तमाम आतंकी घटनाएं इसके प्रमाण हैं। मुंबई, उड़ी, पठानकोट, पुलवामा और अब पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं पाकिस्तान की सरकारी दहशतगर्दी की पुष्टि करते हैं। पुलवामा हमले की जिम्मेदारी तो उसके एक शीर्ष सैन्य अफसर ने ली थी। यह अक्षम्य और अस्वीकार्य हैं। भारत सदैव आतंकवाद का विरोध करता रहा है और उसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये उसने यह पाकिस्तान के साथ पूरी दुनिया को जता दिया ।पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी आतंकवाद को नियंत्रित करने के लिए पहले आर्थिक और राजनीतिक प्रतिबंध लागू किए। फिर पाकिस्तानी आतंकवाद को समाप्त करने की दृष्टि से वहां उनके लिए स्थापित आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों को ठिकाने लगाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार और भारतीय सेना के बेहतरीन सहयोग, तालमेल और समझदारी का बेजोड़ नमूना साबित हुआ। इसके तहत हमारी सेना ने अपनी सटीक कार्रवाई से पहले पाकिस्तान के कई आतंकी अड्डे नष्ट किए, फिर अनेक सैन्य अड्डे। मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तान सरकार और सेना के कई उच्चाधिकारी भी शामिल हुए। आतंकियों को राजकीय सम्मान के साथ गार्ड आफ आनर भी दिया गया। इसे देखकर अमेरिका सहित विश्व समुदाय की आंखें खुल जानी चाहिए ।विश्व समुदाय को पाकिस्तान सरकार और सेना पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंक से नाता तोड़ें। अन्यथा उन्हें इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। अगर संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं अब भी पाकिस्तानी आतंकवाद को नजरअंदाज करती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब इसका दंश भारत के साथ-साथ दूसरे देशों को झेलना पड़ सकता है। फिलहाल दुनिया पाकिस्तान सरकार, सेना और आतंक के गठजोड़ पर क्या रुख लेगी, कहना कठिन है। यह अच्छा है कि भारत सतर्क और तत्पर ढंग से सामरिक तैयारी में लगा है। वैश्विक मंचों पर उसकी पोल भी खोल रहा है। आज भारत एकजुट होकर आतंक को समाप्त करने के लिए दृढ़ है। इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। हमारा सूत्र होना चाहिए-न दैन्यं न पलायनम्!

# केट विंसलेट के अभिनय की बारीकियों को उजागर करने वाली 3 फिल्में



कल्पना पांडे




केट विंसलेट की सिनेमाई यात्रा कलात्मक विविधता और व्यावसायिक जोखिम लेने की इच्छा का एक सुंदर उदाहरण है। 1994 की फिल्म हेवनली क्रिएचर्स से अपने करियर की शुरूआत करते हुए, उन्होंने निडर होकर चुनौतीपूर्ण फिल्मों का चयन किया। इन फिल्मों में, विंसलेट केवल अभिनय नहीं कर रही थीं, बल्कि वास्तव में पात्रों को जी रही थीं।

जेम्स कैमरून की टाइटैनिक (1997) में रोज डेविट बुकाटर के रूप में अपनी रोमांटिक और दुखद भूमिका के बाद, केट विंसलेट रातोंरात वैश्विक प्रसिद्धि प्राप्त कर गईं। इस फिल्म ने भारत सहित कई देशों में अपार लोकप्रियता हासिल की, जहाँ पहले अंग्रेजी फिल्मों का इतना महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा था। भारतीय दर्शकों के लिए, वह पहली अंग्रेजी अभिनेत्री बन गईं जिन्हें वे दिल से प्यार करते थे। हालांकि, उन्होंने इस नई प्रसिद्धि का उपयोग केवल ब्लॉकबस्टर बैनर फिल्मों को आगे बढ़ाने के लिए नहीं किया; इसके बजाय, उन्होंने छोटी, अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को चुना जो उन्हें नए और जटिल पात्रों को चित्रित करने की अनुमति देती थीं। टाइटैनिक के बाद, उनका नाम भारत में टाइटैनिक की नायिका के रूप में फैल गया, और उनके भावनात्मक और ईमानदार अभिनय ने उन्हें विशेष रूप से शहरी युवाओं और सिनेमा प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। बाद में, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और फिल्म समारोहों ने उनकी सूक्ष्म और गहन प्रदर्शनों को वैश्विक मान्यता दिलाई; इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड, द रीडर, और स्टीव जॉब्स में उनकी भूमिकाओं ने उन्हें शैक्षणिक, कलात्मक और फिल्म उत्साही लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया। आज, भारत में, उनकी विरासत को केवल उनकी सुंदरता या स्टारडम के लिए नहीं, बल्कि उनकी चयनात्मक भूमिकाओं और प्रामाणिकता के लिए सम्मान के साथ याद किया जाता है। टाइटैनिक ने भारतीय स्क्रीनों पर भारी सफलता हासिल की, द रीडर जैसी फिल्में समारोहों में प्रदर्शित की गईं, और उनके साक्षात्कार और पुरस्कार समारोह के भाषण भारतीय यूट्यूब चैनलों पर व्यापक रूप से देखे जाते हैं ।श्लिंक के उपन्यास पर आधारित और स्टीफन डाल्ड्री द्वारा निर्देशित, द रीडर (2008) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के जर्मनी में स्थापित एक मार्मिक कहानी है। 15 वर्ष की आयु में, माइकल 30 वर्षीय अकेली महिला हन्ना शिमट्ज (विंसलेट) से दोस्ती करता है, और वे शारीरिक रूप से करीब आ जाते हैं। वे एक-दूसरे के आदी हो जाते हैं। उनकी नियमित बैठकों के दौरान, हन्ना 15 वर्षीय माइकल को किताबें देती है और उसे उन्हें जोर से पढ़ने के लिए कहती है, एक प्रथा जो कई दिनों तक जारी रहती है जब तक कि वह अचानक गायब नहीं हो जाती, जिससे उनका रिश्ता अचानक समाप्त हो जाता है। वर्षों बाद, एक कानून के छात्र के रूप में, माइकल कोर्ट में एक युद्ध अपराध के मुकदमे में भाग लेता है और हन्ना को एक नाजी सुरक्षा गार्ड के रूप में आरोपित देखकर स्तब्ध रह जाता है, जिसने सैकड़ों कैदियों को आग में मरने दिया। फिल्म दो समयरेखाओं में उजागर होती है - 1950 के दशक का भावुक, अवैध रोमांस और 1960 के दशक की कोर्टरूम जांच; और हन्ना की अशिक्षा, जिसे उसने कठोरता से छिपाया था, माइकल (और दर्शकों) को उसकी जटिलता को समझने और अनुभव करने के लिए उसकी व्यक्तित्व को उजागर करती है। जेल में, हन्ना पढ़ना सीखती है, और माइकल उसे खुद के पढ़ने के टेप भेजता है, चुपचाप उनके रिश्ते को पुनर्जनन देता है। कहानी अपराधबोध, शर्म, और होलोकॉस्ट के पीढ़ीगत घावों से जूझती है। विंसलेट का हन्ना शिमट्ज का चित्रण एक शक्तिशाली प्रदर्शन है - एक ऐसा चरित्र जो घृणित और दयनीय दोनों है। वह फिल्म में एक रहस्यमय व्यक्ति के रूप में प्रवेश करती है; उसकी कठोर मुद्रा और कठोर भाषा एक ऐसी महिला को चित्रित करती है जो सशस्त्र और दुनिया से अलग-थलग है, और जैसे-जैसे उसका माइकल के साथ संबंध गहराता है, उसकी हंसी में छिपी मानवीय संवेदनशीलता प्रकट होती है। उसका अभिनय विशेष रूप से कोर्टरूम के दृश्यों में उभरता है - जब हन्ना की अशिक्षा उजागर होती है और वह झूठी रिपोर्टों को चुनौती देने से इंकार करती है, विंसलेट का चेहरा शर्म और अवज्ञा के साथ बदल जाता है, जो शब्दों से परे एक संदेश व्यक्त करता है। बाद में, जेल में, उसकी वृद्ध उपस्थिति और माइकल द्वारा भेजे गए शांत टेप उसके अतीत के साथ उसके संघर्ष का प्रतीक हैं। विंसलेट ने हन्ना को इतनी मानवीय रूप से चित्रित किया कि उन्होंने 2009 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का ऑस्कर जीता, जिससे नैतिक रूप से चुनौतीपूर्ण विषयों को संभालने में उनकी कुशलता साबित हुई। इस भूमिका के लिए, उन्होंने सावधानीपूर्वक तैयारी की - हन्ना की उम्र को उचित रूप से चित्रित करने के लिए बुजुर्ग महिलाओं के व्यवहार का अध्ययन किया और एक जर्मन उच्चारण में महारत हासिल की, जिससे उनके प्रदर्शन को प्रामाणिकता मिली। उन्होंने होलोकॉस्ट के गवाहों का अध्ययन करके हन्ना की मानसिकता की खोज की, ऐतिहासिक संदर्भ को व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक आयामों के साथ संतुलित किया ।केट की रिवोल्यूशनरी रोड उपनगरीय निराशा को चित्रित करती है। सैम मेंडेस द्वारा निर्देशित और रिचर्ड येट्स के 1961 के उपन्यास पर आधारित, यह 1950 के दशक के जटिल शहरी वातावरण में रहने वाले एक असंतुष्ट दंपति, फ्रैंक और एप्रिल व्हीलर के जीवन पर केंद्रित है। फ्रैंक (डिकैप्रियो) एक कार्यालय की नौकरी में काम करता है, जबकि एप्रिल (विंसलेट), एक पूर्व अभिनेत्री, गृहिणी की भूमिका में फंसी हुई महसूस करती है। अधिक समृद्ध और आनंदमय जीवन का सपना देखते हुए, एप्रिल पेरिस जाने का प्रस्ताव रखती है, जिसे फ्रैंक पहले तो स्वीकार करता है लेकिन बाद में सामाजिक दबाव के कारण वापस ले लेता है। इससे उनके विवाह में विस्फोटक तर्क और अनकही क्रोध उत्पन्न होता है, जिससे पति-पत्नी के बीच दरार पैदा होती है, और एप्रिल की तीसरी गर्भावस्था को समाप्त करने का हताश प्रयास - एक निर्णय जो उसकी मृत्यु की ओर ले जाता है। फिल्म फ्रैंक के अपने खोखले भावनाओं में पीछे हटने के साथ समाप्त होती है। रिवोल्यूशनरी रोड अमेरिकी सपने की एक तीखी आलोचना है, जो मध्य-शताब्दी के आशावाद के नीचे की नाजुकता को उजागर करती है।

# चौथे स्तंभ पत्रकारिता के आदर्श देवर्षि नारद

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

आज के अधुनातन जीवन में जबकि दुनिया के कुछ भागों में राजशाही शासन तो कहीं सैनिक या लोकतंत्र का शासन चल रहा है। वे सभी शासन तंत्र शक्ति केंद्रित रहते हैं। मीडिया अर्थात पत्रकारिता जगत ( संस्थान) एक सजग प्रहरी के समान शासन तंत्र की गलतियों या कमजोरियों पर सतत बड़ी सूक्ष्म नजर रखे रहते हैं। वे जरा सी भी गल्ती किए नहीं कि उनके कार्यों पर उंगली उठा देता है। पत्रकारिता जगत दुनिया की व्यवस्था के सुचारु रूप से चलते रहने के लिए पत्रकार दिनरात चौबीस घंटे कार्य करते हैं। ऊपरी तौर पर तो यह लगता है कि समाचारों को एकत्र कर लोगों तक पहुंचाने भर का कार्य हैं। पर नहीं इसका बहुत गहरा नाता रहा है व्यवस्था व शासन के सुसंचालन के लिए। यही तो सजग प्रहरी हैं जो शक्ति केंद्रित सत्ता व शासन को दिग्भ्रमित होने नहीं देते हमेशा सजग प्रहरी की भांति उसे सचिव व उनकी गलतियों से रूबरू अवगत कराते रहते हैं यही पत्रकारिता का आदर्श है और सही पत्रकारिता भी यही है। यह कार्य पुरातन व पौराणिक काल से देवर्षि नारद जी करते चले आ रहे हैं। वे अपना काम इतनी चाक चौबंद एवं कर्मठता से करते थे कि मजाल है कोई घटना घटी हो और वे उससे बेखबर रह गए हो। नारद ने हमेशा चल संचार केंद्र की भूमिका का निर्वहन किया, चाहे वह दैत्य, दानव, गंधर्व, किन्नर या फिर मानव के बीच का कार्य हो या समाचार। वे सभी बातों से बाखबर रहा करते थे। इसके लिए वे हमेशा हर पल सक्रिय रह कर कार्य करते। वे कभी एक जगह ठहर नहीं सकते थे। उनकी इसी सक्रियता और चपलता से डरकर एक बार भगवान शंकर ने उन्हें एक ऋषि के आश्रम को बड़ा ही मनोरम व मनमोहक बनाकर वहां रोके रखने का प्रयास किया था, जिसमें वे पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए थे। नारद वहां कुछ दिन तो वास्तव में भूले रहे पर जल्द ही उन्हें भान हो गया कि उन्हें यहां कोई विशेष प्रयोजन से ही रोक रखा गया है। यह एहसास होते ही बस वह वहां से छूमंतर हो गए। और पुनः अपने जगप्रसिद्ध कार्य में लग गए। कहते हैं कि ना जहां रवि (सूर्य की किरणें) ना पहुंच सके वहां कवि पहुंच सकता है। यह लोकोक्ति शायद नारद के क्रियाकलापों को देखकर ही किसी विद्धजन ने बनाई होगी। हालांकि देवर्षि को यह कहकर बदनाम किया जाता है कि वे हमेशा इधर की बात उधर और लड़ाने भिड़ाने की जुगत में लगे रहते थे। मगर यह गलत है। सच तो यह है कि उन्हें मालूम रहता था कि चाहे वह देव हो या दानव। जब भी वह अपने कर्तव्यपथ से हटकर कोई काम करने को उद्यत हुआ। ठीक वहीं उन्होंने उसके कार्यों से होने वाले संभावित अनर्थ को टालने के लिए और उसे ठीक करने की जुगत में भिड़ जाते। अर्थात लोक कल्याण की भावना ही नारद के समस्त कार्यों में निहित रहती थी। इतनी विशाल भावना को समझ न पाना नारद के प्रति अन्याय नहीं तो क्या है ।वर्तमान परिवेश में देखें तो हमें प्रायः रोजाना अखबारों में पढ़ने को मिल जाता है कि फलां पत्रकार पर गोली चला या किसी पत्रकार की गुंडों ने हत्या कर दी। कारण सिर्फ यह था कि उसने किसी धनिक सेठ या नेता के खिलाफ खबर लिख दी थी। कहने का मतलब एक पत्रकार ₹सर्वजन हितायः जैसी सूक्ति को सामने रखकर ही अपने खबर को बनाता है। और उस समाचार को अपने अखबार में प्रकाशित करता है। मगर किसी व्यक्ति विशेष को वह बात अखर जाती है कि उसके शक्ति संपन्न होते हुए भी एक अदना सा पत्रकार उसका साम्राज्य छिन्न भिन्न करने में लगा है। बस इसी अभिमान के चलते वह अपनी तानाशाही हरकतों को अंजाम देता है।

# शिक्षा के जरिए लड़कियां बन रहीं आत्मनिर्भर : उपमुख्यमंत्री शिंदे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ,10वीं बोर्ड परीक्षा में लड़कियों की सफलता का बढ़ता प्रतिशत समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि लड़कियां शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं और यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और उनके परिवारों के सहयोग का परिणाम है।10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी सफल छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। अपने संदेश में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि 10वीं कक्षा विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस स्तर पर सफलता केवल परीक्षा में प्रदर्शन पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं इन सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ।जो छात्र अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर पाते, उन्हें निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है। परीक्षाएं जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं हैं। असफलता सफलता की ओर एक कदम है।स्वयं का परीक्षण करें, अपनी गलतियाँ खोजें और नए उत्साह के साथ आगे बढ़ें।सफलता हमेशा तैयारी का इंतजार करती है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अपने आप पर भरोसा रखें और दोबारा प्रयास करें।

# बीजेपी ने 58 जिला अध्यक्षों के नाम किए घोषित, अब मुंबई अध्यक्ष की बारी

**महाराष्ट्र में संगठनात्मक चुनावों को गति देते हुए बीजेपी ने अपनी 58 जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान कर दिया है। राज्य में विधानसभा चुनावों के चलते इन चुनावों में देरी हुई थी। पार्टी के अध्यक्ष की कमान अभी राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के हाथों में है। पार्टी ने रवींद्र चव्हाण को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र बीजेपी संगठन चुनावों को गति देते हुए मुंबई समेत 58 जिला अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने नागपुर महानगर की जिम्मेदारी दयाशंकर तिवारी को सौंपी है। इसी प्रकार पार्टी ने मीरा भाईंदर में दिलीप जैन को पार्टी की कमान दी है। पार्टी ने कल्याण में नंदु परब और उल्लासनगर में राजेश वधारिया को अध्यक्ष बनाया है। पुणे शहर में जिला अध्यक्ष का पद धिरज घाटे को दिया है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी अभी राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के पास है। पार्टी ने पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। उन्हें ही बावनकुले के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा है। महाराष्ट्र बीजेपी के 58 जिला अध्यक्षों की लिस्ट देखें।

### कौन बनेगा मुंबई बीजेपी चीफ?

जिला अध्यक्षों के ऐलान के बाद अब मुंबई अध्यक्ष को लेकर चर्चा शुरू हो गई है क्यों प्रदेश प्रमुख बावनकुले की तरह ही आशीष शेलार अब मंत्री है। ऐसे में एक व्यक्ति-एक पद के हिसाब से किसी नए व्यक्ति को कमान सौंपेगी। ऐसे में जब आगे बीएमसी के चुनाव होने हैं तब मुंबई प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव काफी अहम माना जा रहा है। राजनीतिक और क्रिकेट प्रशासक के तौर पर सक्रिय आशीष शेलार अगस्त, 2022 में मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष बने थे। आशीष शेलार ने तब मंगल प्रभात लोढ़ा को रिप्लेस किया था। मंगल प्रभात लोढ़ा भी महायुति 2.0 सरकार में मंत्री हैं।

### क्या संजय उपाध्याय बनेंगे चीफ?

कांग्रेस में मुंबई प्रदेश अध्यक्ष की कमान डॉ. वर्षा गायकवाड़ के हाथों में है। पार्टी ने अभी तक वर्षा गायकवाड़ को हटाने के संकेत नहीं दिए हैं। अब देखना यह है कि बीजेपी बीएमसी चुनावों से पहले कौन सा दांव खेलती है? राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि संजय उपाध्याय को भी फडणवीस अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे सकते हैं। संजय उपाध्याय पूर्व में मुंबई बीजेपी से महासचिव भी रह चुके हैं। इसके अलावा अमित साटम, अतुल भातखलकर और पराग अलवानी के नाम चर्चा में हैं। देवेंद्र फडणवीस के सीएम बनने के बाद बीजेपी की नजर मुंबई में अपना मेयर बनाने पर है। बीजेपी ने विधानसभा चुनावों में 132 सीटें जीती थीं।

फास्ट ट्रैक

# कोंकण रेलवे की मानसून समय सारणी के कारण पश्चिम रेलवे पर कुछ ट्रेनों के समय में परिवर्तन

### 15 जून से 20 अक्टूबर, 2025 तक प्रभावी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, कोंकण रेलवे पर मानसून समय सारणी को 15 जून, 2025 से 20 अक्टूबर, 2025 तक लागू किया जाएगा। इसके कारण पश्चिम रेलवे पर चलने वाली 23 जोड़ी ट्रेनों के समय में इस अवधि के दौरान परिवर्तन किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मानसून के दौरान कोंकण रेलवे सेक्शन पर सभी मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें 15 जून, 2025 से 20 अक्टूबर, 2025 तक अस्थायी रूप से परिवर्तित समयानुसार चलेंगी। पश्चिम रेलवे से गुजरने वाली इन ट्रेनों का समय निम्नानुसार होगा

# भतीजे अजित के साथ खूब दिख रहे शरद पवार

**महाराष्ट्र में चर्चा जोरों पर है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़े एक हो सकते हैं। इसकी वजह है कि पिछले कुछ महीनों में अजित पवार और शरद पवार की नजदीकी बढ़ी है। शरद पवार के हालिया इंटरव्यू में इस संभावना और बढ़ा दिया है। शरद पवार ने एक बार फिर राजनीति के पंडितों और तमाम दलों के नेताओं को कंफ्यूज कर दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद अब स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट के रुख को देखते हुए इन चुनावों के इसी साल संपन्न होने की उम्मीद है। ऐसे में जब देशभर में पहलगाम आतंकी हमला और फिर भारत के ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा है तब महाराष्ट्र में शरद पवार कुछ बदले अंदाज में दिख रहे हैं। चर्चा हो रही है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) एक हो जाए, हालांकि इन चचाओं पर अजित पवार के करीबी प्रफुल्ल पटेल कह चुके हैं कि अभी कोई जरूरत नहीं है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में जिस तरह से अजित पवार और शरद पवार की नजदीकी बढ़ी है। उसके बाद कुछ बड़ा होने की अटकलें लग रही है। कहा जा रहा है कि शरद पवार बीजेपी के साथ भी आ सकते हैं। यह सब ऐसे वक्त पर हो रहा है जब वह 12 मई को सीएम फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में भतीजे अजित के साथ बैठे।तारीफ के साथ दी थी सलाह शरद पवार हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था कि राहुल गांधी मेहनती हैं लेकिन देश के मौजूदा हालत में माहौल उनके पक्ष में नहीं है, पवार ने राहुल गांधी को जमीन पर और मेहनत करने की सलाह दी थी। इसी इंटरव्यू में उन्होंने अजित पवार के साथ भी कोई कटुता नहीं दिखाई थी। इतना ही नहीं इंडिया गठबंधन के दिग्गज नेताओं में शामिल शरद पवार देश में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति पर चर्चा करने को लेकर संसद सत्र बुलाने की मांग से असहमति व्यक्त कर चुके हैं। एक दिन पहले उन्होंने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है। इसकी चर्चा सर्वदलीय बैठक में हो सकती है। संसद में ठीक नहीं होगा। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या शरद पवार बीजेपी के प्रति सॉफ्ट हो गए हैं? पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की कार्रवाई पर वह पूरी तरीके से केंद्र सरकार के साथ खड़े हुए थे।

# महाराष्ट्र के वाशिम में हिंसा, दो गुटों को बीच जमकर पथराव, तोड़फोड़, तनाव के बाद भारी पुलिस फोर्स तैनात

**महाराष्ट्र के वाशिम शहर में दो गुटों के बीच हुए पथराव में कई लोग घायल हो गए। पाटणी चौक क्षेत्र में शुरू हुआ विवाद बागवानपुरा और अन्य इलाकों में भी फैल गया, जिसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किया। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



वाशिम : महाराष्ट्र के वाशिम शहर में दो गुटों के बीच पथराव हुआ है, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि शहर के पाटणी चौक क्षेत्र में देर रात दो गुटों के बीच विवाद हुआ था, बात इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के बीच पथराव की नौबत आ गई। पाटणी चौक में हुई घटना का असर बागवानपुरा, डंडे चौक और गणेशपेठ जैसे इलाकों में भी देखने को मिला। तनाव को देखते हुए इलाके में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है।देर रात करीब 11 बजे कुछ असामाजिक तत्वों ने घरों और वाहनों पर पथराव कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक अनुज तारे ने इलाके का जायजा लिया। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से किसी भी तरह अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

### घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

फिलहाल पूरे क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। साथ ही पुलिस ने पथराव में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शहर में इस समय शांति का माहौल है, लेकिन पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।इससे पहले, इसी साल मार्च में नागपुर के महल क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसा हुई थी। इस हिंसा में उपद्रवियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी और तोड़फोड़ की थी। इस हिंसा की शुरूआत तब हुई, जब दोनों गुटों के बीच तनाव बढ़ा और स्थिति बेकाबू हो गई। पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ के कारण इलाके में तनाव फैल गया था।

### नंदुरबार में भी पथराव

इसके अलावा, जनवरी में महाराष्ट्र के नंदुरबार में दो समूहों के बीच पथराव और आगजनी हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना नंदुरबार सिटी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर घटी थी। यहां एक ऑटो रिक्शा और बाइक के बीच मामूली टक्कर हुई थी

# नक्सलियों का हेडक्वार्टर तबाह, गढ़चिरौली के बारूदी सुरंगों वाले जंगल में 200 C-60 कमांडो का खतरनाक ऑपरेशन

**गढ़चिरौली पुलिस के उ-60 कमांडो ने अबूझमाड़ में माओवादियों के हेडक्वार्टर पर हमला करके उनके एक अहम कैंप को तबाह कर दिया। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर के खतरनाक जंगल में हुए इस ऑपरेशन से माओवादियों को भारी नुकसान हुआ है। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नागपुर : गढ़चिरौली पुलिस के 200 खास C-60 कमांडो ने एक बड़ा ऑपरेशन किया। उन्होंने अबूझमाड़ में माओवादियों के हेडक्वार्टर पर हमला किया। यह हमला सोमवार सुबह 6:30 बजे हुआ। कमांडो ने माओवादियों के एक अहम कैंप को तबाह कर दिया। दोनों तरफ से दो घंटे तक खूब गोलियां चलीं। यह ऑपरेशन महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ बॉर्डर के खतरनाक जंगल और पहाड़ी इलाके में हुआ। इससे माओवादियों के बड़ा झटका लगा है। माओवादी जरिये इलाके में तबाही करना चाहते थे।जंगल में खून के धब्बे मिले हैं। इससे पता चलता है कि माओवादियों को भारी नुकसान हुआ है। हालांकि, बचे हुए माओवादी अपने साथियों के शवों को खींचकर ले गए। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि कितने माओवादी मारे गए हैं या घायल हुए हैं।इस तरह भाग निकले माओवादीकमांडो ने माओवादी कैंप को घेरने की पूरी कोशिश की। लेकिन, एक तरफ खड़ी चट्टान की वजह से उन्हें परेशानी हुई। चट्टान की वजह से एक छोटा सा रास्ता खुला रह गया। यह रास्ता 15 सदस्यों वाले भामरागढ़ दलम के लिए जीवनदान साबित हुआ। माओवादियों ने घने जंगल और मुश्किल रास्तों का फायदा उठाया और इसी रास्ते से भाग निकले।चट्टान बनी माओवादियों के लिए वरदानगढ़चिरौली के एडिशनल एसपी यतीश देशमुख ने कहा कि हमने उन्हें तीन तरफ से घेर लिया था। लेकिन, खड़ी चट्टान की वजह से उन्हें चमत्कारिक ढंग से भागने का मौका मिल गया। उन्होंने बताया कि देर शाम तक माओवादियों के नुकसान का पता नहीं चल पाया था।रविवार शाम शुरू हुआ था ऑपरेशनयह ऑपरेशन रविवार शाम को शुरू हुआ। पुलिस को खबर मिली थी कि भामरागढ़ लोकल ऑर्गनाइजेशनल स्क्वाड (दलम) के हथियारबंद माओवादी, छत्तीसगढ़ बॉर्डर से 200 मीटर दूर बने नए कवांडे पोस्ट के पास हैं। एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एडमिनिस्ट्रेशन) एम रमेश के नेतृत्व में स्पेशल ऑपरेशन टीम ने अबूझमाड़ के बारूदी सुरंगों से भरे जंगलों में माओवादियों को ढूंढा।लगातार चली गोलियांसुबह होते ही गोलियां चलने लगीं। कम से कम 15 माओवादियों ने सदर जंगल इलाके में तीन अलग-अलग जगहों पर कमांडो पर गोलियां बरसाईं। उ-60 यूनिट ने रात भर घात लगाकर हमला किया था। उन्होंने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और दो घंटे तक माओवादियों से जमकर मुकाबला किया। माओवादियों ने खुली चट्टान का फायदा उठाया और घने जंगलों में भाग गए।

# पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में 740 करोड़ रुपए ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

## गत वर्ष की तुलना में ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में लगभग 8 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। जिसके चलते चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम अप्रैल माह में पश्चिम मध्य रेल ने कुल रुपये 739 करोड़ 84 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो गत वर्ष इसी अवधि की तुलना में 686 करोड़ 54 लाख ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। यह ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू लगभग 8 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू पर मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 208 करोड़ 48 लाख, माल यातायात से रुपये 489 करोड़ 62 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 14 करोड़ 61 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 27 करोड 13 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-

यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया।

स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।

पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।

यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं।

अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया।

माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही।

गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है।

मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है।

गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है।

अन्य कोचिंग एवं विविध आय यानि संड्री रेवेन्यू के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं:-

गैर किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) में वृद्धि के लिए नवाचारों और नविन अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

कैटरिंग, पार्किंग, वन स्टेशन वन प्रोडक्ट, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र एवं एनएफआर सम्बंधित कई अनुबंध किये जा रहे है।

वाणिज्यिक विज्ञापन, मल्टी परपस स्टॉल, ट्रेनों में विनाइल रैपिंग इत्यादि जैसे अनुबंधों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना (निनफ्रीस) निति के तहत नयी-नयी योजनाओं को लागु किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

# लोक अदालत में 704 करोड़ के मामलों का हुआ निपटारा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को मुंबई के नगर दिवाणी एवं सत्र न्यायालय, मुख्य न्याय दंडाधिकारी न्यायालय, सहकारी अपीलीय न्यायालय, डीआरटी कुलाबा और मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण में किया गया था। इस लोक अदालत के लिए कुल 75 पैनल गठित किए गए थे। इस दौरान 9,022 लंबित मामले और 4,274 पूर्व दाखिल (प्री-लिटिगेशन) मामले–कुल 13,296 मामले–आपसी समझौते के आधार पर निपटाए गए। इन मामलों की कुल राशि 704 करोड़ रुपये रही। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ नगर दिवाणी एवं सत्र न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अनिल सुब्रमण्यम, मुंबई वकील संघ के सचिव एडवोकेट आसिफ नकवी, पक्षकारों और विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वृक्ष को जल अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय के कई छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन महाराष्ट्र राज्य विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा हाल ही में प्रकाशित मराठी गीत के साथ हुआ।इसके अलावा, मुंबई उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 5 मई से 9 मई तक चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत, मुख्य न्याय दंडाधिकारी एम.आर.ए. शेख के मार्गदर्शन में मुंबई के सभी न्याय दंडाधिकारी न्यायालयों में कुल 4,206 लंबित मामलों का निपटारा किया गया। इस लोक अदालत की सफलता में सभी न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों, मुंबई जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव अनंत देशमुख और न्यायालय कर्मचारियों के प्रयास सराहनीय रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला मरीज की मौत

## शाहजहांपुर में परिजनों का आरोप– डॉक्टरों ने नहीं दिया ध्यान, गलत दवा दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक महिला मरीज की मौत के बाद परिवार वालों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इटौरिया गांव की रहने वाली संध्या सिंह को सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, संध्या को भर्ती करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया। वार्ड में कई घंटों तक डॉक्टरों से इलाज की गुहार लगाई गई। मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे इंजेक्शन दिया गया। इसके बाद उसकी स्थिति और खराब हो गई। परिजनों का कहना है कि बार-बार कहने के बावजूद डॉक्टर और स्टाफ मरीज को देखने नहीं आए। इस दौरान तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच तीखी बहस हुई। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टर और स्टाफ वहां से चले गए। परिजनों ने पुलिस पर डॉक्टरों को भगाने का आरोप लगाया। देर रात तक मेडिकल कॉलेज में हंगामा जारी रहा। घटना की जानकारी रविवार को गाय की टक्कर से घायल हुई मुन्नी देवी से जुड़ी है, जिनकी बहू संध्या सिंह उन्हें देखने गई थीं और खुद बीमार पड़ गईं।

# विद्युत विभाग में कर्मचारियों का विरोध

## शाहजहांपुर में 20 से अधिक निविदा कर्मचारियों ने दिए सामूहिक इस्तीफे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, विद्युत वितरण खंड तिलहर, जैतीपुर और मीरानपुर कटरा में मंगलवार को बड़ी समस्या खड़ी हो गई। दर्जनों निविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को अपने इस्तीफे सौंप दिए। कर्मचारियों का कहना है कि विद्युत विभाग और ऊर्जा प्रबंधन ने अनैतिक रवैया अपनाया है। फेशियल अटेंडेंस के जरिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। विभाग लाइन स्टाफ, उप केंद्र परिचालक और सहायक परिचालकों की छंटनी कर रहा है। 33/11 केवीए उप केंद्र जैतीपुर और मीरानपुर कटरा के कर्मचारियों ने बताया कि स्टाफ कम होने से उन्हें 24 घंटे काम करना पड़ रहा है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। कर्मचारियों की मांग है कि छंटनी बंद की जाए। इस्तीफा देने वालों में सर्वेश, सुशील कुमार, वीरपाल, लाल सिंह, मुकेश सिंह, विकास, सादिक हुसैन, गुड्डू, पंकज शर्मा, रामनरेश, अभिषेक, ओमवीर, जाके वाली, रहीमुद्दीन, फैजान बाग, जीशान, दिनेश कुमार और शुभम कुमार शामिल हैं।



# अपराध रोकने के लिए एसपी का एक्शन

## 13 थाना प्रभारियों के तबादले, कोतवाली इंस्पेक्टर जलालाबाद भेजे गए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, अपराध को रोकने और कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी ने 13 प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किए हैं। इससे पहले 11 उपनिरीक्षकों के तबादले किए जा चुके हैं। चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर राजीव कुमार को जलालाबाद थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह पुलिस लाइन में तैनात अश्वनी कुमार को चौक कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। अन्य प्रमुख तबादलों में कांट थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को एएचटीयू का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सर्वेश कुमार शुक्ला को आईजीआरएस सेल से साइबर क्राइम थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीडिया सेल के ब्रजेश कुमार सिंह को कांट थाने का चार्ज मिला है। जलालाबाद के प्रदीप कुमार राय को बंडा थाने और सोनी शुक्ला को बंडा से मिजार्पुर भेजा गया है। एसपी के पीआरओ अशोक कुमार सिंह को निगोही थाना प्रभारी बनाया गया है। कटरा थाना निरीक्षक हरिकेश सिंह को गढ़िया रंगीन की जिम्मेदारी दी गई है। शिवदीन वर्मा को गढ़िया रंगीन से आईजीआरएस सैल का प्रभारी बनाया गया है। निगोही थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह को मीडिया सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मिजार्पुर प्रभारी योगेन्द्र कुमार को एसपी का पीआरओ बनाया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी इंद्रपाल सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि ये तबादले जिले की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए किए गए हैं।

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम,प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **निविदा सूचना संख्या सोला- एन टी -2025-26-02, दिनांक :- 09.05.2025. कार्य का नाम एवं स्थान**: एसयूआर- डब्ल्यूडी - सोलापुर मंडल के सोलापुर-वाडी खंड में सीटीआर (पी) 14.279 Tkm, टीआरआर (पी) 7.305 Tkm और टीएसआर (पी) 39.25 Tkm (2025-26) कार्यों के संबंध में उपकरणों की आपूर्ति, ट्रेंचिंग, केबल बिछाने और केबलों की समाप्ति आदि के लिए सिग्नलिंग कार्य करना। **निविदा संख्या: सोला-एन-टी-2025-26-02**. कार्य की अनुमानित लागत: रुपये 1,18,91,546.56. **टेंडर फॉर्म की कीमत**: Nil. **जमा की जाने वाली धरोहर राशि**: रुपये 2,09,500. **कार्य पूर्ण करने की अवधि**: 12 महीने। **निविदा के समापन की तिथि और समय**: 02.06.2025 after 15:30 Hrs. विवरण ireps वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र /संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल / डाक/ई-मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें।

**मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी शाखा), मध्य रेल, सोलापुर**
DE/Sur-50
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

# एसएससी बोर्ड परीक्षा में रईस हाई स्कूल का परिणाम 99.3 प्रतिशत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , एसएससी बोर्ड द्वारा 13 मई 2025 को ऑनलाइन घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, भिवंडी का कुल परीक्षा परिणाम 99.03% रहा। इस वर्ष मार्च 2025 में स्कूल द्वारा एसएससी बोर्ड परीक्षा में कुल 207 छात्र सम्लित हुए। जिसमें 205 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस वर्ष 3 विद्यार्थी 90% से अधिक अंक लाने में सफल रहे। 10वीं अ कक्षा के छात्र दानिश मुहम्मद हनीफ ने 93.60% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10वीं अ के ही छात्र अंसारी जफर इरशाद 92.40% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, 10वीं अ के ही छात्र सिद्दीकी मुहम्मद जयान 90.40% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, खान हसन इमरान 89% अंकों के साथ चौथे स्थान, खान अबुजर इरफान और मोमिन मुहम्मद सईम 86.80% अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे अंसारी अम्मार रिजवान 84.80% अंकों के साथ छठे स्थान पर, इदरीसी मुहम्मद यावर बरकाती गुलाम और अंसारी अब्दुल मजीद मंसूर 84.40% अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे, सैयद अशरफ इरफान 83.60% अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे , अंसारी मोहम्मद कैफ अली हसन 82.80% अंक के साथ नवें पर और खान हंजला शादाब 82.40% अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे। इसके अलावा छात्रों ने विभिन्न विषयों में उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं ।छात्रों के इस सराहनीय प्रदर्शन पर के एम ई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानयाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रिंसिपल जियाउर रहमान अंसारी, सहायक मुख्यध्यापक मुखलिस मदू, उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, पर्यवेक्षक, सब्तैन कशेलकर, असरार पठान, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और सभी स्टाफ ने सफल छात्रों को बधाई दी ।और उज्वल भविष्य की कामना की है।

# महाप्रीत के साथ समझौते के बाद भी क्लस्टर योजना का कार्य शून्य

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे शहर में क्लस्टर योजना के कार्यान्वयन के लिए मनपा ने दो साल पहले राज्य सरकार की महाप्रीत कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके बाद क्लस्टर नियोजन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। पिछले दो वर्षों में महाप्रीत ने क्लस्टर के काम की उपेक्षा की है और आठ महीने पहले राज्य सरकार द्वारा 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की गारंटी दिए जाने के बाद भी 'महाप्रीत' के अधिकारी उदासीन हैं। पूर्व भाजपा गुटनेता नारायण पवार ने एक पत्र में इस स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया है और आठ वर्षों से क्लस्टरों में मकानों का इंतजार कर रहे ठाणेकरों को राहत देने के लिए कदम उठाने की अपील की है। ठाणे शहर में क्लस्टर योजना के अंतर्गत 45 शहरी पुनरुद्धार योजनाएं (यूआरपी) तैयार की गईं। प्रारंभ में, किसनगर, हजुरी, टेकडी बंगला, कोपरी, राबोडी और लोकमान्य नगर परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई थी।

जिसके अनुसार राज्य सरकार ने कुछ निजी बिल्डरों को कार्य सौंपने के लिए महाप्रीत और सिडको जैसी निगमों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। हालांकि, निवासी असमंजस में हैं क्योंकि आठ साल के लंबे इंतजार के बाद भी क्लस्टर का काम शुरू नहीं हुआ है। नारायण पवार ने मांग की कि महाप्रीत ,सिडको और मनपा को पिछले आठ वर्षों में किए गए कार्यों की घोषणा करनी चाहिए। पूर्व नगर सेवक पवार ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि महापालिका ने क्लस्टरों की स्थिति पर आधिकारिक रूप से स्पष्टीकरण नहीं मांगा है, क्योंकि पिछले तीन वर्षों से मनपा में कोई जनप्रतिनिधि नहीं है। इस पृष्ठभूमि में, 'क्लस्टर' योजना में टेकडी बंगला परिसर के सैकड़ों प्रभावित निवासियों ने मुझसे अपनी बेचैनी साझा की। इस भाग में सर्वेक्षण पूरा होने के बाद, अधिकारी, गैर-अधिकारी और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग इस क्लस्टर की खराब स्थिति से निराश हो गए हैं। उनकी पुनर्विकास योजना ने भी भवन निर्माण का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। ठाणे मनपा और महाप्रीत ने 17 अप्रैल को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, अनुबंध की अवधि एक वर्ष थी। उसके बाद अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया। हालाँकि, 25 अगस्त, 2024 को राज्य मंत्रिमंडल ने 'क्लस्टर' के लिए इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के रूप में निवेशकों से 5,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 'महाप्रीत' को मंजूरी दे दी। तो पिछले 8 महीनों में महाप्रीत ने ऋण पाने के लिए क्या प्रयास किए? मनपा यह भी जानना चाहती थी कि सद्भावना समझौते की अवधि दौरान क्या कार्य किए गए तथा क्या कार्य चल रहे हैं। हालांकि, नारायण पवार ने आरोप लगाया कि उनकी अनदेखी की गई। इस समझौते में भूस्वामियों और निवासियों को विश्वास में नहीं लिया गया। नारायण पवार ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि निवासियों को यह भी पता नहीं है कि उनके क्षेत्र में क्लस्टर का काम कौन कर रहा है ।आठ वर्षों तक तकनीकी सलाहकार और कर्मचारियों पर करोड़ों का खर्च हुए हैं। वर्ष 2017 से क्लस्टर के कार्य हेतु सहायक निदेशक, सहायक आयुक्त एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। मनपा ने तकनीकी सलाहकार नियुक्त किये। हालाँकि, यह ज्ञात नहीं है कि आठ वर्षों में ये क्लस्टर कहां अटके हुए हैं। मनपा के खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। नारायण पवार ने मांग की कि मनपा को पिछले आठ वर्षों में तकनीकी सलाहकारों द्वारा दी गई सलाह का खुलासा करना चाहिए।

फास्ट ट्रैक

# ठाणे जिले में 10वीं के नतीजों में लड़कियों को मिली बड़ी सफलता : रोहन घुगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के 10वीं के परिणाम आज, दिनांक को घोषित किए हैं। जिसमें जिले का कुल रिजल्ट 95.57% रहा, कुल 113,658 विद्यार्थियों में से 108,311 पास हुए हैं। लड़कियों का परिणाम 96.69% और लड़कों का 94.50% रहा, जिसमें लड़कियों का औसत प्रदर्शन लड़कों से अधिक रहा ।यह एक सकारात्मक बदलाव है क्योंकि उत्तीर्ण होने वाली लड़कियों का प्रतिशत लड़कों से अधिक है। शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) ललिता दहीतुले ने कहा, ₹इस वर्ष ठाणे जिले में लड़कियों ने सफलता प्राप्त करके अपनी शैक्षणिक प्रगति साबित की है। यह काफिला निश्चित रूप से प्रेरणादायक है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सफल छात्रों को बधाई दी है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, ₹विद्यार्थियों ने निरंतरता, कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है, मैं उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। जिला परिषद शिक्षा क्षेत्र में प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

# दबंगों का दंपती पर हमला

### खेत की रखवाली कर रहे किसान और उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा

कलान, कलान थाना क्षेत्र के गांव चौरा बगरखेत में एक दंपति पर दबंगों ने हमला कर दिया। पीड़ित ओम प्रकाश कुशवाहा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। है जब ओम प्रकाश अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहे थे। उनकी पत्नी उषा पड़ोस के घर पर सो रही थीं। इसी दौरान कुछ दबंग लोग घर में घुस आए। उन्होंने उषा से उनके पति के बारे में पूछा। जब उषा ने विरोध किया तो उन लोगों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। पत्नी की आवाज सुनकर जब ओम प्रकाश घर की तरफ दौड़े तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि इन्हीं लोगों ने दो साल पहले उनकी बहन के साथ भी मारपीट की थी। उस मामले का पंचायत में समझौता हो गया था। ओम प्रकाश ने बताया कि दबंग लोग लगातार उन्हें परेशान कर रहे हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गांव में 75 साल बाद भी बिजली नहीं

### 25 परिवारों को जून 2025 तक मिलेगी बिजली, सौभाग्य योजना में शामिल

शाहजहांपुर , जलालाबाद विकासखंड में स्थित रौली बौरी ग्राम पंचायत का मजरा रडार नगला आजादी के 75 साल बाद भी बिजली की रोशनी से वंचित है। फरुर्खाबाद रोड पर स्थित इस गांव में लगभग 25 मकान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार विद्युतीकरण की मांग उठाई है। उन्होंने ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय से लेकर बिजली विभाग तक अपनी समस्या पहुंचाई। भाजपा विधायक हरिप्रकाश वर्मा से भी लिखित और मौखिक शिकायत की गई। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

## दिव्यांग युवक की आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर , मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में एक दिव्यांग युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वीरपाल को गांव पौकी की नहर पुलिया के पास से पकड़ा गया। मामला गांव कटैया का है।

# अजय राव चिरिवेल्ला बने ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के महाराष्ट्र प्रभाग के गवर्नर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन (अहीरा) के महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी अजय श्रीनिवासराव चिरिवेल्ला को संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मानवाधिकार के क्षेत्र में उनकी सरगर्मियता देखकर उनका पदभार बढ़ाते हुए उन्हें अब महाराष्ट्र राज्य कमेटी का गवर्नर नियुक्त किया गया है ।ऑल इंडिया ह्यूमन राइट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एम.यू. दुआ ने अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। डॉ.एम.यू. दुआ ने प्रमाणपत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की है कि अजय श्रीनिवास राव चिरिवेल्ला मानवाधिकार संगठन के क्षेत्र में सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वाह करते है, सामाजिक कार्यों और पत्रकारिता के क्षेत्र में मानवाधिकार के पहलुओं को हमेशा आगे रखते हैं और आगे भी भी ऐसे ही कार्य करते रहेंगे।

अजय राव चिरिवेला को अहीरा का गवर्नर नियुक्त होने पर उन्हें बधाईयां देते हुए अनेक लोगों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है जिनमें प्रमुख हैं रोटेरियन सजेर्राव सावंत, अंबरनाथ शहर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सजेर्राव माहुरकर, अंबरनाथ शहर ब्लॉक काँग्रेस अध्यक्ष कृष्णा रसाळ पाटील, भाजपा महिला ब्रिगेड की अध्यक्षा सुजाता भोईर, इन्फेंट जीसस स्कूल संचालिका दीपा एडविन, संभाजी ब्रिगेड के शहर अध्यक्ष सुनील अहिरे, अंबरनाथ प्रेस क्लब के अध्यक्ष कमर काजी, रोटेरियन दत्ता गावत, डॉ.मनोज कंडोई, अंबरनाथ व्यापारी संघ अध्यक्ष खांजी दल, पीसी प्वाइंट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के संचालक प्रदीप कुमावत और उमेश महाजन, शिफा ग्रुप ऑफ ट्युशन के संचालक नाजिम शेख और यास्मिन शेख के साथ साथ उनके ईष्ट मित्र शामिल हैं।

# पूर्व नगरसेवक राजेश वधारिया बने भाजपा के उल्हासनगर जिला अध्यक्ष

### मनपा चुनावों के परिपेक्ष्य में क्षेत्रीय नेतृत्व को तरजीह देने की भाजपा की रणनीति।

### समर्थकों में उत्साह की लहर, बधाई संदेशों का लगा तांता।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने के इरादे से मंगलवार 13 मई को नवनियुक्त पार्टी अध्यक्षों की एक सूची जारी की है इस सूची के अनुसार उल्हासनगर भाजपा का जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया को नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि क्षेत्रीय नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए उनका चयन उल्हासनगर जिला अध्यक्ष के रूप में हुआ है ।वे उल्हासनगर में प्रदीप रामचंदानी का स्थान ग्रहण करेंगे। राजेश वधारिया विगत कई वर्षों से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं और पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर रहते हुए पार्टी के प्रचार प्रसार में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। उल्हासनगर में पार्टी की विचारधारा ,नीतियों के प्रसार में उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य किया है। उल्हासनगर मनपा में नगरसेवक के रूप में भी उन्होंने अच्छा कार्य किया है। उनके पार्टी अध्यक्ष बनने से उनके समर्थकों, पार्टी कार्यकताओं और शहर में खुशी का माहौल है। उनके अध्यक्ष बनने से आने वाले मनपा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के विस्तार की संभावनाएं लगाई जा रही हैं। राजेश वधारिया एक कुशल नेता, रणनीतिकार, व्यवहार कुशल और जनसेवा को लक्ष्य मानने वाले नेता के रूप में शहरभर में जाने जाते हैं। पार्टी अध्यक्ष बनने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने की इक्षा व्यक्त की है।

# शहर के मैदान में प्रदर्शनी और पार्किंग, समाजसेवी सीधे मनपा में क्रिकेट खेलने पहुंचे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे शहर के मैदानों में बहुत सारी प्रदर्शनियाँ और पार्किंग स्थल चल रहे हैं। यही कारण है कि बच्चों के खेलने के लिए कोई जगह उपलब्ध नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता संगम डोंगरे और उनके सहयोगियों ने इस प्रथा के विरोध में मनपा मुख्यालय में क्रिकेट मैच का आयोजन कर विरोध प्रकट किया है ।गावदेवी ठाणे शहर के मध्य भाग में स्थित है। यद्यपि यह मैदान खेल के लिए आरक्षित है, लेकिन इसका उपयोग प्रदर्शनियों के लिए किया जाता है। ठाणे मनपा ने पिछले साल 174 दिनों के लिए और इस साल 70 दिनों के लिए निजी संगठनों को मैदान दिया है। मनपा ने धन जुटाने के लिए मैदान को पट्टे पर दे दिया है। इसलिए हम पैसे दे रहे हैं, हमें खेल का मैदान दे दीजिए, ऐसा संगम डोंगरे ने कहा, जिन्होंने यह अनूठा आंदोलन शुरू किया था।

डोंगरे बच्चों का एक समूह लेकर नगरपालिका में घुसे और आयुक्तों से मिलने की कोशिश की ।हालांकि, बैठक के बिना ही उन्होंने मनपा मुख्यालय के बाहर गुल्लक तोड़ दी और क्रिकेट खेलते हुए उसमें पैसे फेंके।

# हिंदू बनकर नाबालिग से शादी की कोशिश

## मां-बेटी को मुस्लिम युवकों ने झांसा दिया, हरियाणा से ले आए शाहजहांपुर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में पुलिस ने एक मुस्लिम युवक के घर से हरियाणा की हिंदू नाबालिग को बरामद किया है। फरीदाबाद की एक महिला ने बताया कि खुटार के सरोजनीनगर निवासी बहारे आलम ने खुद को राकेश बताकर उनसे दोस्ती की। आरोपी ने अपने भाई जान मोहम्मद को भी फरीदाबाद बुलाया। दोनों ने खुद को हिंदू बताकर महिला की बेटी की शादी कराने का वादा किया। 11 मई को महिला और उसकी दो बेटियों को खुटार ले आए। एक बेटी 14 साल की है और दूसरी 4 साल की है। शाहजहांपुर पुलिस ने दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बहारे आलम और जान मोहम्मद खुटार थाना क्षेत्र के सरोजनीनगर के रहने वाले हैं। बहारे आलम फरीदाबाद में मजदूरी करता था।

दोनों युवक मुस्लिम हैं यहां आने पर महिला को पता चला कि दोनों युवक मुस्लिम हैं। जब उसने शादी से मना किया और वापस जाने की बात की, तो आरोपियों ने उस पर और उसकी बेटी पर शादी का दबाव बनाया। स्थानीय लोगों की मदद से महिला ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने मां-बेटी को बरामद किया हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों की मदद से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मां और बेटियों को बरामद किया। एसपी राजेश द्विवेदी के अनुसार, अलग धर्म के व्यक्ति द्वारा नाबालिग से जबरन शादी का प्रयास किया जा रहा था। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने गोला रोड जुड़ी सड़क के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी राजेश द्विवेदी के अनुसार, पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला मरीज की मौत

### शाहजहांपुर में परिजनों का आरोप- डॉक्टरों ने नहीं दिया ध्यान, गलत दवा दी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक महिला मरीज की मौत के बाद परिवार वालों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इटौरिया गांव की रहने वाली संध्या सिंह को सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक, संध्या को भर्ती करने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया। वार्ड में कई घंटों तक डॉक्टरों से इलाज की गुहार लगाई गई। मरीज की हालत बिगड़ने पर उसे इंजेक्शन दिया गया। इसके बाद उसकी स्थिति और खराब हो गई। परिजनों का कहना है कि बार-बार कहने के बावजूद डॉक्टर और स्टाफ मरीज को देखने नहीं आए। इस दौरान तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच तीखी बहस हुई। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद डॉक्टर और स्टाफ वहां से चले गए। परिजनों ने पुलिस पर डॉक्टरों को भगाने का आरोप लगाया। देर रात तक मेडिकल कॉलेज में हंगामा जारी रहा। घटना की जानकारी रविवार को गाय की टक्कर से घायल हुई मुन्नी देवी से जुड़ी है, जिनकी बहू संध्या सिंह उन्हें देखने गई थीं और खुद बीमार पड़ गईं।

# विद्युत विभाग में कर्मचारियों का विरोध

### शाहजहांपुर में 20 से अधिक निविदा कर्मचारियों ने दिए सामूहिक इस्तीफे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, विद्युत वितरण खंड तिलहर, जैतीपुर और मीरानपुर कटरा में मंगलवार को बड़ी समस्या खड़ी हो गई। दर्जनों निविदा कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को अपने इस्तीफे सौंप दिए। कर्मचारियों का कहना है कि विद्युत विभाग और ऊर्जा प्रबंधन ने अनैतिक रवैया अपनाया है। फेशियल अटेंडेंस के जरिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। विभाग लाइन स्टाफ, उप केंद्र परिचालक और सहायक परिचालकों की छंटनी कर रहा है। 33/11 केवीए उप केंद्र जैतीपुर और मीरानपुर कटरा के कर्मचारियों ने बताया कि स्टाफ कम होने से उन्हें 24 घंटे काम करना पड़ रहा है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। कर्मचारियों की मांग है कि छंटनी बंद की जाए। इस्तीफा देने वालों में सर्वेश, सुशील कुमार, वीरपाल, लाल सिंह, मुकेश सिंह, विकास, सादिक हुसैन, गुड्डू, पंकज शर्मा, रामनरेश, अभिषेक, ओमवीर, जाके वाली, रहीमुद्दीन, फैजान बाग, जीशान, दिनेश कुमार और शुभम कुमार शामिल हैं।



# अपराध रोकने के लिए एसपी का एक्शन




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, अपराध को रोकने और कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए एसपी राजेश द्विवेदी ने 13 प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किए हैं। इससे पहले 11 उपनिरीक्षकों के तबादले किए जा चुके हैं। चौक कोतवाली के इंस्पेक्टर राजीव कुमार को जलालाबाद थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उनकी जगह पुलिस लाइन में तैनात अश्वनी कुमार को चौक कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। अन्य प्रमुख तबादलों में कांट थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को एएचटीयू का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। सर्वेश कुमार शुक्ला को आईजीआरएस सेल से साइबर क्राइम थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीडिया सेल के ब्रजेश कुमार सिंह को कांट थाने का चार्ज मिला है। जलालाबाद के प्रदीप कुमार राय को बंडा थाने और सोनी शुक्ला को बंडा से मिजार्पुर भेजा गया है।

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक
(भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण
(भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे:क्राउन प्रिंस सलमान एयरपोर्ट पर लेने पहुंचे

## अमेरिकी राष्ट्रपति को कॉफी पिलाई

एजेंसी

रियाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कॉर्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक कॉफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति बनने के बाद कनाडा-मेक्सिको या फिर यूरोपीय देश की यात्रा करने की परंपरा है। बराक ओबामा ने पहले विदेशी दौरे पर कनाडा की यात्रा की थी। उनसे पहले जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अपने पहले विदेशी दौरे पर मेक्सिको की यात्रा की थी। ट्रम्प ने 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले सऊदी अरब पहुंच कर इस परंपरा को तोड़ा था। पिछले राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने पहले दौरे पर ब्रिटेन गए थे। ट्रम्प ने दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले सऊदी प्रिंस सलमान को ही फोन किया था। शपथ ग्रहण के कुछ दिन बाद ट्रम्प से उनके पहले विदेशी दौरे को लेकर मीडिया ने सवाल किया था। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि जो देश अमेरिका में सबसे ज्यादा निवेश करेगा, वे वहां का पहला दौरा करेंगे। इसके बाद सऊदी सरकार ने एक बयान जारी कर कहा था कि उनका देश अगले चार सालों के भीतर अमेरिका में 600 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) के निवेश के लिए तैयार है। हालांकि, ट्रम्प ने कहा था कि वो इसे बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर होते देखना चाहते, जिसमें ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी मिलिट्री इक्विपमेंट की खरीद भी शामिल है। सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड और पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) में 925 अरब डॉलर की भारी भरकम रकम है। सऊदी ने इसके जरिए पहले ही अमेरिका में कई इन्वेस्टमेंट कर रखे हैं। वहीं, यूएई ने भी अगले 10 साल में अमेरिका के अक, सेमीकंडक्टर, एनर्जी और इन्फ्रा सेक्टर में 1.4 ट्रिलियन डॉलर निवेश करने की इच्छा जताई है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान सऊदी अरब समेत खाड़ी देशों के साथ बेहतर रिश्ते कायम किए थे। ट्रम्प के पद छोड़ने के बाद भी सऊदी अरब ने ट्रम्प के दामाद और पूर्व सहयोगी जेरेड कुशनर की एक फर्म में 2 अरब डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए) का निवेश किया था। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जब जमाल खाशोज्जी की हत्या के बाद सऊदी अरब और अमेरिका के संबंधों पर असर पड़ा तो कुशनर ने इसे संभालने में मदद की थी। ट्रम्प सऊदी अरब की यह यात्रा ऐसे मौके पर कर रहे हैं, जब उनके टैरिफ ने दुनिया भर में उथल पुथल मचा रखी है। इस साल के शुरूआती तीन महीनों में अमेरिका के आर्थिक प्रोडक्शन में गिरावट आई है, जो पिछले तीन सालों में पहली गिरावट है। ट्रम्प ने पिछले कार्यकाल में सऊदी अरब और इजराइल के बीच रिश्ते बेहतर करने की कोशिश की थी। ट्रम्प चाहते हैं कि सऊदी अरब, इजराइल को मान्यता दे। वहीं सऊदी अरब का कहना है कि पहले फिलिस्तीन अलग देश बने जिसकी राजधानी पूर्वी यरुशलम हो और उनके बीच सीमा 1967 से पहले जैसी हो। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने उम्मीद जताई है कि सऊदी अरब अब्राहम अकॉर्ड को मानेगा।



# अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

## एल्युमिनियम-स्टील इंपोर्ट पर 25% ड्यूटी वसूल रहा यूएस, 64500 करोड़ का इंपोर्ट प्रभावित हो सकता है

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डॉलर (करीब ?64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डॉलर (करीब ?16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25% और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10% टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25% कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है। टैरिफ दूसरे देश से आने वाले सामान पर लगाया जाने वाला टैक्स है। जो कंपनियां विदेशी सामान देश में लाती हैं, वे सरकार को ये टैक्स देती हैं। रेसिप्रोकल का मतलब होता है- तराजू के दोनों पलड़े को बराबर कर देना। यानी एक तरफ 1 किलो भार है तो दूसरी तरफ भी एक किलो वजन रख कर बराबर कर देना।

ट्रम्प इसे ही बढ़ाने की बात कर रहे हैं। यानी भारत अगर कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर100% टैरिफ लगाता है, तो अमेरिका भी उस तरह के प्रोडक्ट्स पर 100% टैरिफ लगाएगा।



# ट्रम्प को गिफ्ट में 3400 करोड़ का प्लेन मिलेगा

## कतर दुनिया का सबसे महंगा गिफ्ट दे रहा; इसी हफ्ते दौरे पर जाएंगे ट्रम्प

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसी हफ्ते 14 मई को कतर दौरे पर पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कतर सरकार उन्हें लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट गिफ्ट कर सकती है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (करीब 3400 करोड़ रुपए) है। ट्रम्प के कतर दौरे पर इसका आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है। यह गिफ्ट किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह गिफ्ट अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक सिक्योरिटी क्लियरेंस मिलने तक इसमें समय लग सकता है। ट्रम्प 2029 में राष्ट्रपति कार्यकाल पूरा होने से कुछ वक्त पहले ही इस विमान का इस्तेमाल कर पाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थायी तौर पर एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान 'ट्रम्प फोर्स वन' एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था। कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने अभी इसके बारे में खुलकर कुछ भी नहीं कहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। वहीं, सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि गिफ्ट मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट 2 अरब डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए) से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। इसके बाद ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या वो बोइंग की जगह एयरबस का प्लेन खरीदने पर विचार कर रहे हैं। तब उन्होंने कहा था कि नहीं, मैं बोइंग की जगह एयरबस के बारे में नहीं सोच रहा हूं, लेकिन मैं एक इस्तेमाल किया हुआ विमान खरीद सकता हूं और उसमें बदलाव कर सकता हूं। ट्रम्प को मिलने वाले इस लग्जरी गिफ्ट को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। अमेरिकी संविधान के पारिश्रमिक खंड (एमोल्यूमेंट्स क्लॉज) के मुताबिक सरकारी पद पर बैठा कोई भी इंसान बिना कांग्रेस (संसद) की सहमति के किसी भी राजा या विदेशी राज्य से कोई गिफ्ट या उपाधि नहीं ले सकता है।



# पाकिस्तान का एक और झूठ हुआ बेनकाब

## मरियम नवाज ने घायल सैनिकों से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के बाद पाकिस्तान लगातार गलत सूचनाओं का जाल बुन रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ विनाश के बीच जश्न मनाने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, वहीं देश की सेना विरोधाभासी और अपुष्ट दावे कर रही है। हालांकि, पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज द्वारा एक सैन्य अस्पताल का अचानक दौरा करने से एक बार फिर वह सच्चाई सामने आ गई है जिसे पाकिस्तान पूरी तरह छिपाने की कोशिश कर रहा है। मरियम नवाज ने लाहौर में संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) का दौरा किया, जहां उन्होंने भारतीय सेना के साथ हाल ही में हुई झड़प में घायल हुए पाकिस्तानी सैनिकों और अधिकारियों से मुलाकात की। हताहतों की संख्या पर पाकिस्तानी सरकार की चुप्पी के बावजूद - यह बताने से इनकार करते हुए कि कितने सैनिक मारे गए या घायल हुए। एक वीडियो क्लिप में मरियम को अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में घायल सैन्य कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है। उनकी यात्रा पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा घायल सैनिकों से मुलाकात करने के कुछ दिनों बाद हुई है, जिससे पाकिस्तान द्वारा नकारे जा रहे नुकसान की पुष्टि होती है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-उद-दावा और 26/11 के मास्टरमाइंड हाफि ज सईद से जुड़ी एक पार्टी ने लाहौर के लिबर्टी चौक पर तथाकथित 'विजय मार्च' का आयोजन किया। पीएमएमएल लाहौर के अध्यक्ष इंजीनियर आदिल खालिक और महासचिव मुजम्मिल इकबाल हाशमी के नेतृत्व में रैली ने जीत का जश्न मनाया।



# कांग्रेस को बड़ा झटका

## राहुल गांधी के बिहार दौरे से पहले पार्टी के 17 नेता भाजपा में शामिल



**इस नाटकीय बदलाव का नेतृत्व कांग्रेस से जुड़े श्रमिक संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। उन्होंने तारिक अनवर पर अपने कार्यों और बयानबाजी दोनों में उच्च जाति विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।**

एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे से कुछ ही दिन पहले पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कटिहार जिले के 17 प्रमुख नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। यह राजनीतिक बदलाव वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छह बार के सांसद तारिक अनवर के खिलाफ गंभीर आरोपों के साथ हुआ है। इससे पार्टी के भीतर दरार और गहरी हो गई है और राज्य में कांग्रेस की ताकत पर सवाल उठ रहे हैं। इस नाटकीय बदलाव का नेतृत्व कांग्रेस से जुड़े श्रमिक संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। उन्होंने तारिक अनवर पर अपने कार्यों और बयानबाजी दोनों में उच्च जाति विरोधी मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

पटना में आयोजित एक समारोह में बिहार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होते हुए सिंह ने कहा, ‟यह तो बस शुरूआत है। आने वाले दिनों में सैकड़ों-हजारों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं।‟ सिंह के अनुसार, 17 प्रभावशाली उच्च जाति के कांग्रेस नेताओं का पाला बदलने का फैसला अनवर के कथित पक्षपात और रवैये के खिलाफ बढ़ते आक्रोश से उपजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनवर की कार्यशैली ने उच्च जाति के समर्थकों के एक बड़े वर्ग को अलग-थलग कर दिया है - कटिहार में एक प्रभावशाली मतदाता समूह, जहाँ जातिगत गतिशीलता अक्सर चुनावी नतीजों को आकार देती है। नेताओं का पलायन और जातिगत आक्रोश ऐसे समय में सामने आया है जब कांग्रेस पहले से ही इंडिया ब्लॉक के भीतर आंतरिक असंतोष का सामना कर रही है। इस तरह के घटनाक्रम तारिक अनवर के पारंपरिक समर्थन आधार को खत्म कर सकते हैं और उनकी छवि को धूमिल कर सकते हैं। अनवर के नेतृत्व में लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाला कटिहार अब राजनीतिक रूप से कमजोर होता दिख रहा है। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाला उच्च जाति समुदाय अब कांग्रेस से दूर जा सकता है - अगर इस पर तुरंत ध्यान नहीं दिया गया तो यह पार्टी के लिए संभावित चुनावी बोझ बन सकता है।

# अखिलेश यादव का आरोप- यूपी के अस्पतालों में लापरवाही चरम पर

## भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को किया बर्बाद

**सपा प्रमुख ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है।**



एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। अखिलेश यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूपी में अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। गरीबों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।सपा प्रमुख ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में जिलास्तर का कोई अस्पताल नहीं बनाया। वह समाजवादी सरकार में बने अस्पतालों में सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश में स्थित पीएचसी और सीएचसी में हालत बेहद खराब है।इनमें इलाज कराने से मरीज डरते है। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर अधूरे भवन खड़े है। वहां पर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और स्टेज्चर तक की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में अग्निकांड लापरवाही की वजह से हो रहे है। मरीजों की जान जोखिम में है। सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गंभीर रोगों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर के इलाज की विशेष व्यवस्था की थी। भाजपा ने कैंसर अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्था में बदल दी। सरकार मेडिकल कॉलेजों को आवश्यकतानुसार बजट नहीं दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी है। कई अच्छे डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए है। जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज बस रेफर सेंटर बन कर रह गये हैं। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा के कारण मरीज निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर है। जहां उनके साथ इलाज के नाम पर लूट हो रही है। झूठे विज्ञापनों और दावों के बल पर स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरने से रही।

# श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ानें फिर से शुरू

## भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण कुछ समय के लिए किया था बंद

**अधिकारियों ने पुष्टि की कि पहली उड़ान, एयर इंडिया , दिल्ली से सुबह 11:47 बजे रवाना होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे श्रीनगर में उतरी। श्रीनगर हवाई अड्डे को फिर से खोल दिया गया, लेकिन कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी हुई।**



एजेंसी

भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण कुछ समय के लिए स्थगित रहने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन मंगलवार को फिर से शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार दोपहर को उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी हुई, जबकि कुछ एयरलाइनों ने पहले ही दिन के लिए उड़ानों को रद्द करने की घोषणा कर दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध के मद्देनजर 9 मई से श्रीनगर हवाई अड्डे के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के 31 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसके बाद कुछ दिनों बाद इसे फिर से खोला गया। श्रीनगर में उड़ान संचालन फिर से शुरू करने का निर्णय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को इन हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद लिया गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि पहली उड़ान, एयर इंडिया (अक 827), दिल्ली से सुबह 11:47 बजे रवाना होने के बाद दोपहर करीब 1 बजे श्रीनगर में उतरी। श्रीनगर हवाई अड्डे को फिर से खोल दिया गया, लेकिन कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी हुई, जबकि कुछ एयरलाइनों ने पहले ही दिन के लिए उड़ानों को रद्द करने की घोषणा कर दी है।

# महिलाओं का रेप, 9 दोषियों को आजीवन कारावास

## वीडियो बनाया, 2 साल तक ब्लैकमेल कर रेप किया; तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न केस में फैसला

**छात्रा की शिकायत के बाद 2019 में सभी युवकों को गिरफ्तार किया गया था। तब से सभी सलेम सेंट्रल जेल में बंद है। युवकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, यौन उत्पीड़न, रेप, गैंगरेप और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया था।**

एजेंसी

कोयंबटूर, तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामले में कोयंबटूर महिला अदालत ने मंगलवार को 9 लोगों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आज सुबह ही सभी को दोषी ठहराया था। जज आर नंदिनी देवी ने इन्हें गैंगरेप और बार-बार रेप का दोषी पाया।कोर्ट ने पीड़ित महिलाओं को कुल 85 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 9 दोषियों ने 2016 से 2018 के दौरान कई महिलाओं का यौन शोषण किया था। पीड़ितों में कॉलेज की छात्राएं और शादीशुदा महिलाएं थीं।दोषियों ने यौन शोषण के वीडियो बनाए थे। उसके जरिए ब्लैकमेल करके महिलाओं के साथ कई बार रेप किया और पैसे भी मांगे। आरोपियों पर 50 से ज्यादा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का शक था, लेकिन उनमें से केवल 8 ने ही उनके खिलाफ गवाही दी थी।दोषियों में सबरीराजन उर्फ रिशवंत (32 साल), थिरुनावुकारसु (34 साल), टी वसंत कुमार (30 साल), एम सतीश (33 साल, आर मणि उर्फ मणिवन्नन, पी बाबू (33 साल), हारोन पॉल (32 साल), अरुलानंथम (39 साल) और अरुण कुमार (33 साल) हैं।चलती कार में छात्रा से रेप के बाद मामला सामने आया मामला 24 फरवरी, 2019 को पहली बार तब सामने आया जब 19 साल की एक छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि 12 फरवरी को पोल्लाची के पास चलती कार में चार लोगों ने उसका रेप किया।उन्होंने इसका वीडियो बनाया, उसकी सोने की चेन लूट ली और उसे सुनसान जगह पर छोड़ दिया। लड़की ने अपने परिवार को तब बताया जब आरोपियों ने वीडियो लीक करने की धमकी देकर उससे यौन संबंध बनाने की मांग की। छात्रा दोषियों के खिलाफ बोलने वाली पहली पीड़ित थी।युवकों के फोन-लैपटॉप से कई महिलाओं के वीडियो मिले पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन और लैपटॉप की जांच की थी। इनमें पीड़ितों के कई वीडियो क्लिप मिले थे, जिनका युवकों ने अलग-अलग जगहों पर यौन उत्पीड़न किया था।



## संक्षेप

### जनसुविधा केंद्र संचालक का फ्रॉड

**सुलतानपुर में 5 दुकानदारों के खातों से 85 हजार रुपए निकाले, केस दर्ज**

सुलतानपुर, जूड़ापट्टी मौर्य मार्केट में एक जनसुविधा केंद्र संचालक द्वारा की गई धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। धर्मेंद्र चौरसिया नाम के व्यक्ति ने खुद को अर्जुनपुर सुलतानपुर का निवासी बताते हुए जनसुविधा केंद्र खोला था। शिकायतकर्ता फिरोज अहमद के अनुसार, धर्मेंद्र ने लोन दिलाने का झांसा देकर उनके और अन्य दुकानदारों के आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद फिंगरप्रिंट भी लिए। आरोपी ने शैलेंद्र कुमार गुप्ता से 60,500 रुपए, मोहम्मद शब्बीर से 10 हजार रुपए, अब्दुल हमीद से 10 हजार रुपए और अंकित कुमार गुप्ता से 5 हजार रुपए फिरोज के खाते में जमा करवाए। सभी पैसे निकालने के बाद आरोपी धर्मेंद्र चौरसिया फरार हो गया। पीड़ितों ने उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने और गांव जाकर तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ितों को आशंका है कि उनके दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी लोन पास कराया जा सकता है। फिरोज अहमद ने पुलिस अधीक्षक से धर्मेंद्र चौरसिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उचित कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर को सौंपी गई। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

### नाले के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**खाई में गिरकर मौत होनी की आशंका, जांच में जुटी पुलिस**

बांदा, शहर कोतवाली क्षेत्र में मवई बाईपास पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। नाले के ऊपर झाड़ियों के पास पड़े शव की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल बलराम सिंह मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। शव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। मृतक ने जींस और शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि व्यक्ति खाई में गिरने से उसकी मृत्यु हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉच्युरी में रखवाया है।

### अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़

**42.8 किलो हरा और 750 ग्राम सूखा गांजा बरामद, एक गिरफ्तार**

बांदा, पुलिस ने ऑपरेशन ईगल के तहत अवैध गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में पैलानी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम अलोना में छापेमारी की। यहां धनीराम वर्मा उर्फ छोटे वर्मा के घर के बाड़े में अवैध गांजे की खेती पकड़ी गई। मौके से 42.8 किलोग्राम हरा गांजा और 750 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया।

# बड़े भाई की प्रेमिका के लिए छोटा भाई बना कातिल

**धीरज मिश्रा मर्डर केस में आरोपी बोला– बड़ा भाई करना चाहता था शादी तो महिला के पति को मारना पड़ा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, अपने बड़े भाई की प्रेम कहानी को अंजाम तक पहुंचाने के लिए छोटा भाई कातिल बन गया। करछना पुलिस ने धीरज मिश्रा मर्डर केस के खुलासे में कुछ यही कहानी सामने आई है। पुलिस ने मामले में बसई नटका निवासी विपिन मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, मोबाइल फोन और खून से सना तिरपाल का टुकड़ा बरामद किया है। पुलिस अब आरोपी को जेल भेजने की तैयारी कर रही है। डीसीपी विपिन चंद्र यादव ने बताया कि हत्यारोपी विपिन मिश्रा ने पुलिस के सामने अपने कबूलनामे में कहा कि उसका बड़ा भाई धीरज उर्फ अविनाश मिश्रा, मृतक धीरज मिश्रा (पुत्र राजकुमार मिश्रा) की पत्नी से प्रेम करता था। उसे पाने की हर कोशिश मृतक के जीवित रहते संभव नहीं थी। इसलिए बड़े भाई के कहने पर छोटे भाई ने धीरज की हत्या कर दी और शव को गाँव के पास स्थित नहर में फेंककर फरार हो गया। इंस्पेक्टर अनूप सरोज के मुताबिक, 6 मई 2025 को सुखे नहर में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना थाना करछना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव की शिनाख्त धीरज मिश्रा पुत्र राजकुमार मिश्रा निवासी मेढ़वली, थाना इमलिया, जिला सीधी (मध्यप्रदेश) के रूप में की। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक के घरवालों के कॉल डिटेल्स खंगाले, जिसमें मृतक की पत्नी के फोन पर बार-बार एक ही नंबर से बातचीत होने की जानकारी मिली। इसी आधार पर पुलिस ने उस नंबर के मालिक धीरज उर्फ अविनाश से पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने वारदात की साजिश रचने और अपने छोटे भाई विपिन को हत्या में शामिल करने की बात कबूल कर ली।

पुलिस ने उसके बयान और घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर 12 मई को भीरपुर अंडरपास के पास से कातिल विपिन मिश्रा पुत्र चन्द्रदेव मिश्रा निवासी ग्राम बसई नटका, थाना करछना को गिरफ्तार कर लिया।

# युवक को दिन दहाड़े गोली मारी

**मऊआइमा में बाइक सवारों ने किया हमला, 15 दिन पहले भी हुई थी दो पक्षों में फायरिंग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक युवक को सरेआम गोली मार दी गई। गंगापार के मऊ आइमा इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने 21 साल के फकरे आलम को गोली मारी और फरार हो गए। पेट में गोली लगने से गंभीर युवक को एसआरएन अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस प्रयागराजझ्रप्रतापगढ़ मार्ग पर चेकिंग कर रही है। मामला जमीन के विवाद से जुड़ा है। पंद्रह दिन पहले जख्मी युवक फकरे आलम ने अपने करीबियों के साथ हमलावरों के घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग की थी। प्रतापगढ़ के देल्हूपुर का रहने वाला फकरे आलम दोपहर में बाइक से प्रतापगढ़ से मऊआइमा आ रहा था। नई बाजार थाना मऊआइमा के पास पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उसे रोक लिया और पेट में गोली मारकर निकल भागे। फकरे आलम लहूलुहान होकर सड़क पर गिरा तो भीड़ लग गई। पुलिस ने जख्मी हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। बाद में उसे एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जख्मी फकरे आलम ने हमलावरों के तौर पर दो नाम लिए हैं। एक सगीर और दूसरे दिलशाद पर आरोप लगाया है। असल में फकरे आलम का विवाद पड़ोसी सगीर अहमद से चल रहा है। जमीन के मामले को लेकर दोनों परिवारों में रंजिश है। बताते हैं कि पंद्रह दिन पहले जमकर मारपीट हुई थी। इसके बाद फकरे आलम अपने करीबियों के साथ सगीर के घर पहुंच गया था। तब मारपीट के बाद कई राउंड फायरिंग की गई थी। इसी के बाद आज फकरे आलम पर हमला करने की बात सामने आई है।

# मुसाफिरखाना तहसील में कर्मचारी की मौत



**डयूटी के दौरान हार्ट अटैक से निधन, साथी कर्मचारियों ने परिवार को दी आर्थिक मदद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, मुसाफिरखाना तहसील के संग्रह विभाग में कार्यरत बब्बन यादव का सोमवार को निधन हो गया। वे पलिया चंदापुर के निवासी थे। एसडीएम आवास पर ड्यूटी के दौरान उन्हें हृदयाघात आया। दुखद खबर मिलते ही तहसील के कर्मचारियों ने मानवीय संवेदना दिखाई। एसडीएम अभिनव कन्नौजिया और तहसीलदार राहुल सिंह के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों ने स्वेच्छा से धनराशि जुटाई।

कर्मचारी दल ने पीड़ित परिवार के घर जाकर 50000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। तहसील प्रशासन ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार समेत कई तहसील कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों की यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है।

# आबादी की जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध

**कलक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण, मजिस्ट्रेट से शिकायत, जांच का मिला आश्वासन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, कुड़वार गांव में आबादी की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मंगलवार को गांव के दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायतकताओं के अनुसार, गाटा संख्या 2532 का बैनामा अतुल मिश्रा ने लिया है।

वह इस गाटा की आड़ में गाटा संख्या 2533 पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। गाटा संख्या 2533 आबादी की जमीन है, जिस पर ग्रामीणों का कब्जा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब ढाई-तीन महीने पहले गाटा संख्या 2532 का सीमांकन कराया गया था। राजस्व निरीक्षक ने तथ्यों को छिपाकर गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। वर्तमान में वह राजस्व निरीक्षक और पूर्व खातेदार मौजूद नहीं हैं। कई गांव का पानी इकट्ठा बहता है गाटा संख्या 2532 तालाब से सटा हुआ है। इस तालाब में कई गांवों का पानी इकट्ठा होकर बहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस भूमि पर बैनामेदार कब्जा कर लेते हैं, तो कई गांव पानी में डूब जाएंगे। शिकायतकताओं ने मांग की है कि गाटा संख्या 2532 और 2533 की नाप ग्रामवासियों के सामने लेखपाल की टीम गठित करके कराई जाए। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

**अमेठी में हुआ हादसा, चालक मौके से फरार, स्थानीय लोगों ने दी सूचना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के सैठा मार्ग स्थित सकरांवा तिराहे पर आज सुबह एक दुखद घटना सामने आई। सड़क पार कर रही 56 वर्षीय अनारकली मौर्य को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरीगंज इंस्पेक्टर श्याम नारायण पांडेय के अनुसार पुलिस टीम फरार ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# रेलवे स्टेशन की हालत खराब

**रेल सुविधा समिति सदस्य को मिली शौचालय में गंदगी, पीने के पानी की कमी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिले के मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड सुविधा समिति के सदस्य अनुपम पांडे ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर हुआ। निरीक्षण में स्टेशन की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। शौचालय में गंदगी का अंबार मिला। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं थी। स्टेशन की समग्र साफ-सफाई भी ठीक नहीं पाई गई। पांडे ने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को इन सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए। स्टेशन के गेट संख्या 109सी और 104सी को जल्द खोलने की मांग की। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों से फोन पर चर्चा भी की। पांडे ने बताया कि यह निरीक्षण शिकायत के बाद किया गया। उन्होंने कहा कि पाई गई कमियों की रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। यह दौरा यात्री सुविधाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# मंडी में गेहूं स्टॉक की जांच

**10 व्यापारियों के यहां रिकॉर्ड से कम या ज्यादा मिला अनाज, मंडी शुल्क भी बकाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, डीएम कुमार हर्ष ने गेहूं खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया। उन्होंने विभिन्न तहसीलों में एसडीएम की अध्यक्षता में जांच टीमों का गठन किया। इन टीमों ने स्टॉक होल्डर्स और व्यापारियों के यहां गेहूं के स्टॉक की जांच की। तहसील लम्भुआ में श्री राम ट्रेडर्स के पास रिकॉर्ड से 346.4 कुंतल गेहूं कम मिला। यहां 1.57 लाख रुपये का मंडी शुल्क बकाया है। केडी इंटर प्राइजेज शिवगढ़ में धान, गेहूं और चावल में क्रमशः 192.4, 24.3 और 46.8 कुंतल का अंतर पाया गया। फर्म पर 36,023 रुपये बकाया हैं। बल्दीराय में शिव शक्ति ट्रेडर्स के पास रिकॉर्ड से 254.45 कुंतल अधिक गेहूं मिला। फर्म पर 11,765 रुपये बकाया हैं। अम्बे ट्रेडिंग कंपनी में गेहूं और धान में क्रमशः 90 और 57.75 कुंतल का अंतर मिला। कंपनी पर 39,370 रुपये बकाया हैं। अनियमितताएं मिलीं जयसिंहपुर में सती ट्रेडिंग कंपनी और देव ट्रेडर्स में क्रमशः 6 और 11 कुंतल गेहूं का अंतर मिला। इन पर 21,909 और 84,504 रुपये बकाया हैं। तहसील सदर में मोहित फूड्स में 120.55 कुंतल गेहूं का अंतर पाया गया। यहां 5,00,745 रुपये बकाया हैं। डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश जय दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी में गेहूं, चावल और धान में क्रमशः 25.68, 2.5 और 47.15 कुंतल का अंतर मिला। फर्म पर 1,32,628 रुपये बकाया हैं। कादीपुर में बब्लू ट्रेडर्स में 73 कुंतल गेहूं कम मिला। यहां 18,188 रुपये बकाया हैं। साहू ट्रेडर्स में 301 कुंतल गेहूं अधिक पाया गया और 36,000 रुपये का शुल्क बकाया है। डीएम इस बाबत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# जमीन विवाद में साधु की हत्या

**20 साल से खेत की कोठरी में रह रहे बिहारी साधु की मौत, रिटायर्ड फौजी पर शक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, बरसाना में जमीन विवाद ने एक साधु की जान ले ली। बरसाना से कमई की सड़क पर स्थित 108 कुटिया के पास एक खेत में बनी कोठरी में रह रहे बिहार के रामदास उर्फ बिहारी नाम के साधु की हत्या कर दी गई। साधु पिछले 20 वर्षों से इस कोठरी में रह रहे थे। खेत के मालिक ने बताया कि वह पहले दिल्ली के शाहदरा में एक मंदिर में सेवा करते थे। वहीं उनकी मुलाकात इतवारीपुर थाना टप्पल के रिटायर्ड फौजी प्रताप सिंह चौधरी से हुई थी। घटना के दिन रिटायर्ड फौजी नशे की हालत में वहां आया। उसने साधु से झगड़ा किया और उन्हें वहां से जाने को कहा। साधु के मना करने पर यह घटना हुई। खेत मालिक का आरोप है कि रिटायर्ड फौजी जबरन वहां रहना चाहता था और उसी ने साधु की हत्या की है। एसपी देहात त्रिगुण बेसन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि खेत मालिक के बयान के आधार पर फौजी की जानकारी जुटाई जा रही है।

# 42 डिग्री तापमान से बढ़े मरीज

**जिला अस्पताल में उल्टी–दस्त के मामलों में वृद्धि, डॉक्टरों ने दी सावधानी बरतने की सलाह**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, तापमान 42 डिग्री के आसपास पहुंचने से जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। रोजाना सैकड़ों मरीज गर्मी से संबंधित बीमारियों का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में सबसे अधिक उल्टी-दस्त और पेट दर्द के मरीज आ रहे हैं। इसके अलावा बुखार के मामले भी सामने आ रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, गर्मी से बचाव के लिए लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि वे अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करें।

# भाकियू टिकैत के दो गुट आमने-सामने

**थाने में चार घंटे हंगामा, प्रदेश उपाध्यक्ष पर दलाली का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के दो गुटों के बीच विवाद सामने आया है। प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार यादव मंगलवार को दादों थाने पहुंचे और धरना देने लगे। उनका आरोप था कि पुलिस एक मुकदमे में कार्रवाई नहीं कर रही है। मामला राम अवतार के साले से जुड़ा है, जो गांव के प्रधान हैं। गांव में प्रधान और दूसरे पक्ष में विवाद हुआ था। राम अवतार ने पुलिस पर दबाव बनाकर लूटपाट का मुकदमा दर्ज करा दिया था। धरने की सूचना मिलते ही भाकियू का दूसरा गुट भी थाने पहुंच गया। उन्होंने राम अवतार पर दलाली करने और पुलिस पर अनुचित दबाव बनाने का आरोप लगाया। राम अवतार ने दरोगा पर बैनर फाड़ने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि वह शांतिपूर्ण धरना कर रहे थे। दूसरे गुट का दावा है कि राम अवतार ने खुद बैनर फाड़ा और पुलिस पर झूठा आरोप लगाया। विरोधी गुट ने कहा कि भारत-पाक तनाव के चलते सभी धरने निरस्त किए गए हैं। राम अवतार ने राष्ट्रीय नेतृत्व की अनुमति के बिना धरना दिया, जो नियम विरुद्ध है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी